आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गणेश शंकर विद्यार्थी बलिदान दिवस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 68 | उज्जैन, बुधवार 25 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




Finance Available
KUSH Solar Power Infra Pvt.Ltd.
बढ़ती बिजली के बिल से परेशान?
तो फोन लगाएं श्रीमान... ✆ 9713109194
सभी प्रकार के सोलर प्रोडक्ट एवं इंस्टॉलेशन सुविधा उपलब्ध
KUSH SOLAR POWER INFRA PVT.LTD.
उज्जैन ऑफिस: 4/4, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, उज्जैन ग्राम जमालपुरा, इंदौर उज्जैन रोड, टोल नाके के पास, उज्जैन
इंदौर ऑफिस : 404, अलंकार पाईंट, गीता भवन चौराहा, एबी रोड, इंदौर

# एक अफवाह से पेट्रोल पंपों पर... ...लगी बेहिसाब भीड


फ्रीगंज ब्रिज


नानाखेड़ा


अंकपात मार्ग


इंदौर गेट


तराना रोड


चिमनगंज मंडी

## लोगों ने उपयोग से अधिक पेट्रोल-डीजल भरवाया वाहनों में, जिसे देखो फूल टेंक पेट्रोल-डीजल की मांग करते दिखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहरी क्षेत्र में मंगलवार देर शाम को आकस्मिक रूप से पेट्रोल एवं डीजल की मांग बेहिसाब बढ गई। वाहन चालक अपने कामों को छोडकर पेट्रोल पंपों पर ऐसे पहुंचे जैसे आगे मिलेगा ही नहीं। पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गई। यहां तक की संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को व्यवस्था के लिए लगना पडा। कुछ क्षेत्रों में पुलिस ने अफवाह पर ध्यान न देने की उद्घोषणा भी की है। जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने साफ कहा हमारे पास भरपूर पेट्रोल झडीजल उपलब्ध है। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल वाहनों में लें।

मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर अफवाहों ने देर शाम को जोर पकड लिया। इसे लोगों ने वैश्विक समस्या से जोडकर देख लिया और आगे वाहनों के इंधन को लेकर आपूर्ति की अफवाहों को जोर मिलता गया। एक से दुसरे तक पहुंची अफवाहों के चलते देर शाम को देखते ही देखते पेट्रोल पंपों पर भीड जुटने लगी और वाहनों की कतार लंबी होती चली गई। देर रात तक पेट्रोल पंपों पर यही हाल देखा गया है।

### पुलिस ने की उद्घोषणा

देवासगेट क्षेत्र में इन हालातों को देखते हुए संबंधित थाना पुलिस के जवान हाथों में लाउड स्पीकर लेकर मैदान में उतरे और उन्होंने अपने क्षेत्र के पंपों पर पहुंचकर वहां पेट्रोल झडीजल लेने के लिए खडी भीड को अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए आगाह करते हुए सचेत किया। इसके बावजूद भीड बराबर पंपों पर बनी रही।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल

जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने बताया कि जिले में करीब 150 पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं। इनमें से मात्र शहरी क्षेत्र एवं पास के अनुभाग में ही अफवाहों ने जोर पकडा और देर शाम से पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लग गई। रिजर्व के लिए लोगों ने जरूरत से भी अधिक पेट्रोल एवं डीजल की मांग रखना शुरू कर दिया। जिले में मंगलवार तक 16 हजार किलो लीटर पेट्रोल एवं 25 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त डिपो में दो माह का पेट्रोल एवं डीजल रखा हुआ है। आपूर्ति में भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। एक दम से इस प्रकार से आवश्यकता नहीं होने के बावजूद मांग होने पर पेट्रोल पंपों पर स्थिति बिगडने के हालात बने हैं। आपूर्ति बिल्कुल सामान्य है। उन्होंने साफ कहा कि पेट्रोल पंपों पर लोग केन डिब्बों एवं ड्रम लेकर डीजल लेने पहुंच रहे हैं जिस पर रोक के लिए कहा गया है। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दैनिक उपयोग जितना ही पेट्रोल-डीजल लें,अफवाहों पर ध्यान न दें।


मुनी नगर, दो तालाब

### लोग उलझते रहे पेट्रोल-डीजल लेने को

पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल लेने के लिए लगी लंबी लाईनों के चलते वाहन चालक कई जगह पर आपस में उलझते देखे गए। इस दौरान बोलचाल एवं गाली गलौज तक देखी गई। संबंधित थाना पुलिस के लिए भी काम बढ गया। पेट्रोल पंपों पर इसके चलते स्टाफ की तैनाती कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई।

### पंप बंद हुए तो अफवाह और बढी

इधर समय पर बंद होने वाले पेट्रोल पंपों के कारण अफवाह ने और जोर पकड लिया कि पेट्रोल झडीजल खत्म हो गया है। शहरी क्षेत्र के कई पेट्रोल पंप प्रति दिन की तरह समय पर बंद किए गए। आवासीय क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों को नियमानुसार बंद करना होता है। 24 घंटे संचालित होने वाले पेट्रोल पंप खाद्य विभाग की अनुमति से ही संचालित होते हैं।

---

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## कुछ भी कहें देरी तो हुई है...!




महाआयोजन की तैयारी को लेकर योजनाएं अभी तक बन रही है और उन पर अमल को लेकर समय बहुत कम है। देरी से प्रोजेक्ट शुरू हुए और उन पर जिस गति से काम होना था वह नहीं हुआ। बराबर समय झसमय पर इसे लेकर जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कलयुगी ह्लकवियोंह्व ने उठाया था। समय झसमय पर इस प्रश्न को उठाने पर जिम्मेदारों ने एक ही रटारटाया जवाब दिया था कि हमारी गति तेज है और समय के मान से अधिक प्रतिशत काम कर लिया गया है। पिछले बडे साब ने एक नहीं दो नहीं पूरे पांच बार अलग झअलग मसलों पर बात के दौरान इसे दोहराया था। घाट के ठाट से लेकर अन्य सभी कामों में इस बात को अलग झअलग तरीके से ह्लकवियों ह्व ने रखा लेकिन पता नहीं क्यों काम में देरी को लेकर कोई स्वीकारोक्ति नहीं की गई। अभी भी यही हाल है। इसके बावजूद काम को लेकर अब हल्ला मचने लगा है। धीरे-धीरे भगवा की बढती संख्या के साथ ही उठक बैठक देखकर जिम्मेदारों का तापमान भी चढने की स्थिति बन गई है। छोटे से लेकर बडे साहब और शहर से लेकर जिला एवं संभाग के साहब को भी चिंता सताने लगी है। पूरे काम के पक्ष का प्राकृतिक वातावरण होने के बाद भी काम को ठंडी गति से करने वाले अनुबंधित जिम्मेदार अब भी गति बढाने को तैयार नहीं हैं। सिरे से कामों को जाकर देखा जाए तो यही स्थिति हर साईड पर देखने को मिल रही है। कुछ साईड पर तो कामकाजी ही दिखाई नहीं दे रहे हैं। काम कब किस साईउ पर पूरे होने हैं इसकी जानकारी का बोर्ड तो गायब स्थिति में ही है। 21सेतू में से किसे कब पूर्ण होना है ये भी अंदर की बात है। खुसूर झफुसूर है कि यही हाल गलियों को मुख्य मार्ग बनाने के मामले के हैं। 2004 जैसे हाल सामने दिख रहे हैं। जब देवासगेट से महाकाल चौराहा तक टूटे मकानों को देखते हुए महाआयोजन में आने वाले श्रद्धालू गुजरे थे। देवासगेट की टूटी होटलों एवं लाजों में श्रद्धालुओं ने विश्राम किया था। यही हाल गलियों को मुख्य मार्ग बनाने की गति का सामने आ रहा है। अभी तो ये मात्र निर्माण का मामला है इससे आगे भी अन्य कई प्रकार के मसले खडे होने हैं। इनको लेकर भी 2004 की पूर्नरावृत्ति होती दिख रही है।

# बेगमबाग में नीलकंठ द्वार के पास अवैध 16 मकानों, होटलों पर चला बुलडोजर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकाल मंदिर के पास बेगमबाग में एक बार फिर से संयुक्त कार्रवाई के तहत मुस्लिम बाहुल्य बेगमबाग क्षेत्र में 16 अवैध भवनों पर प्रशासन के सहयोग से उज्जैन विकास प्राधिकरण,नगर निगम एवं पुलिस की टीम ने बुलडोजर चलाया है। यहां पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के 45 आवासीय भूखंडों के नियम विरुद्ध 90 हिस्से कर व्यावसायिक निर्माण किए गए थे। पूर्व में 42 भवन तोडे जा चुके हैं। अब इस जगह पर ब्रिज निर्माण प्रस्तावित है।

मंगलवार सुबह श्री महाकाल मंदिर के मुख्य नीलकण्ठ द्वार के पास से इस कार्रवाई को आधा दर्जन पोकलेन व बुलडोजर से कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। लोअर कोर्ट, हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से स्टे समाप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। उज्जैन विकास प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों पर यहां लोगों ने लीज शर्तों का उल्लंघन करते हुए व्यवसायिक तौर पर उपयोग किया था,भूखंडों के टूकडे कर दिए थे। अवैध अतिक्रमण किया था। उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी के साथ कर्मचारी अधिकारी , सीएसपी राहुल देशमुख के साथ 50 पुलिस अधिकारी व जवान , 50 नगरनिगम कर्मी व प्रशासन का अमला यहां तैनात रहा और कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



### कोई विरोध नहीं, पैदल आवागमन रहा

कार्रवाई में किसी प्रकार का कोई विरोध प्रदर्शन देखने को नही मिला । दरअसल यहां पिछले एक वर्ष के भीतर इसी प्रकार 42 बिल्डिंग को जमीदोंज किया गया था तब जरूर विरोध हुआ था। आज कार्यवाही शांतिपूर्ण चली। क्षेत्र मुस्लिम बाहुल्य होने के कारण अति संवेदनशील माना गया है। इसलिए यह रास्ता वाहनों के लिए पूरी तरह बन्द कर दिया गया था। केवल श्रद्धालुओं को पैदल आवागमन करने दिया गया।

### ये है पूरा मामला

दरअसल पूरा मामला इस प्रकार है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण ने वर्ष 1985 में बेगम बाग क्षेत्र में भूखंड आवासीय तौर पर 30 साल की लीज पर दिए थे। भूखंड धारकों ने इन भूखंडों का उपयोग आवासीय तौर पर करने की बजाय पूरी तरह व्यावसायिक तौर पर कर लिया। जो कि नियम विरुद्ध था। इसके साथ ही वर्ष 2014-15 में लीज भी समाप्त हो गई । जिसे नवीनीकरण भी नहीं कराया गया। भूखंडों को लेकर उज्जैन विकास प्राधिकरण ने लगातार नोटिस दिए। वर्ष 2023-24 में उज्जैन विकास प्राधिकरण ने भूखंड धारकों की लीज समाप्त कर दी । जिसको लेकर भूखंड धारक न्यायालय पहुंचे जहां उन्हें स्टे मिल गया। इन भूखंडों का अलग-अलग न्यायालय में मामला विचाराधीन रहा ।न्यायालय का स्टे हटते ही तोड़ने की कार्यवाही शुरू कर दी गई । यहां पूर्व में भी चार चरणों मे करीब एक वर्ष के भीतर 42 बिल्डिंगों को हटाया गया था। खास बात तो यह है कि जिन पर कार्यवाही हो रही है ऐसे 45 भूखंड है जिन्हें उज्जैन विकास प्राधिकरण ने आवंटित किए थे। जिनमें प्रत्येक की साइज करीब 2400 स्क्वेयर फीट थी।भूखंड धारकों ने इनके अलग-अलग टुकड़े कर करीब 99 बिल्डिंग बना ली। आज दिनांक तक 90 में से 58 बिल्डिंग को जमीदोंज किया गया है शेष 32 बिल्डिंगों को भी कानूनी प्रक्रिया के तहत तोड़ा जाएगा।

### ब्रिज निर्माण प्रस्तावित

उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप कुमार सोनी ने बताया कि माननीय न्यायालय से स्टे खारिज होने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है । भूखंड धारक को भूखंड आवासीय तौर पर दिए गए थे जिसे उन्होंने व्यावसायिक उपयोग किया। इसके अलावा लीज समाप्त होने के बाद लीज नवीनीकरण भी नहीं हो सका है। इसलिए यह कार्रवाई की गई। जिस जगह यह कार्यवाही चल रही है यहां आगामी सिहंस्थ 2028 में ब्रिज निर्माण प्रस्तावित है।

### सीसीटीवी एवं ड्रोन से चौकसी

सीएसपी राहुल देशमुख का कहना है कि यहां पर 50 से अधिक पुलिस जवान व अधिकारी तैनात किए गए है। सीसीटीवी व ड्रोन से नजर रखी जा रही है। यह महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग है इसलिए श्रद्धालुओ को कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### 16 भवनों पर कार्रवाई

मंगलवार को जिन 16 बिल्डिंगों पर कार्रवाई की गई, न्यायालय ने इनका स्टे खारिज कर दिया था । इसके बाद विकास प्राधिकरण की ओर से नोटिस दिया गया था जिनकी समय सीमा समाप्त हो गई। भवन मालिको से बातचीत की गई और उन्हें न्यायालय प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। इसके बाद उन्होंने स्वतः अपनी बिल्डिंग खाली करना शुरू कर दी। इसलिए यह कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से जारी रही।

### इन भवनों का हटा अतिक्रमण

मंगलवार को जिन 16 भवनों को जमीदोंज किया गया उनमें

**भूखंड क्रमांक 66**: होटल डायमंड, जीकुन बी एवं अन्य

**भूखंड क्रमांक 66 ए के 3 भाग**: खतीजा बी, मोहम्मद सलीम, नजमा बी

**भूखंड क्रमांक 67 ए**: हिना खान

**भूखंड क्रमांक 68 ए**: मोहम्मद सलीम पिता लियाकत हुसैन

**भूखंड क्रमांक 69 ए**: शाहनवाज खान

**भूखंड क्रमांक 68 बी**: अब्दुल हमीद

**भूखंड क्रमांक 69 बी**: वारिस बेग

**भूखंड क्रमांक 231 ए**: न्यू सावन पैलेस होटल राज गेस्ट हाउस, होटल नसीब, जामा ए शकीब एजुकेशनल सोसाइटी, डॉक्टर महबूब खान

**भूखंड क्रमांक 71**: सरताज खान

**भूखंड क्रमांक 72**: जान मोहम्मद

**भूखंड क्रमांक 73**: मोहम्मद अनीस

**भूखंड क्रमांक 74**: ताहिर अली मोहम्मद यूनुस






सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर - उज्जैन | बुधवार 25 मार्च, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज कॉलम

### ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा अमेरिका से बातचीत को तैयार

**तेहरान।** ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को फॉक्स न्यूज को बताया कि ईरान डील करना चाहता है और पांच दिन या उससे कम समय में समझौता हो सकता है। हालांकि, ईरान ने किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ट्रम्प ने बताया कि यह फैसला ईरान के एक टॉप अधिकारी के साथ हो रही बातचीत के बाद लिया गया।

### देश में पहली बार इच्छामृत्यु, 13 साल से कोमा में हरीश राणा की मौत

**गाजियाबाद।** हरीश राणा ने मंगलवार को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। 31 साल के हरीश 13 साल से कोमा में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। ये देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई है। एम्स में हरीश को पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु मामले में फैसला सुनाया था। फैसले के बाद मां निर्मला देवी ने कहा था, बेटे के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किए।

### फिल्म धुरंधर 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 800 करोड़ के पार



**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज यानी धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के पांचवें दिन यानी सोमवार को भारत में 65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में 800 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और फिल्म छावा और पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 519.12 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 619.76 करोड़ रुपए हो गया है। बता दें कि ग्रॉस कलेक्शन टिकट से हुई कुल कमाई होती है, जबकि नेट कलेक्शन टैक्स के बाद बची कमाई होती है।

### रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के नियम अब सख्त कर दिए हैं। अब अगर कोई यात्री ट्रेन छूटने से 8 घंटे तक टिकट रद्द करता है, तो ही उसे पैसा वापस मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था और तब 50% रिफंड मिलता था। 24 से 8 घंटे के बीच कैंसिल करने पर अभी भी 50% पैसा ही वापस मिलेगा। इसके अलावा, अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन भी बदल सकते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि यह बदलाव इसलिए किया गया है, ताकि एजेंट और दलाल टिकटों की जमाखोरी न कर सकें।

### कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया में एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है। एक सैन्य सूत्र ने एएफपी को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किमी दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे।

### ई-कॉमर्स रिटर्न पार्सलों से मोबाइल गायब मिले

**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा थाना पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनी के रिटर्न पार्सलों से मोबाइल गायब कर धोखाधड़ी करने के मामले में डिलीवरी बॉय सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिकायत कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर योगेंद्र सिंह राठौर ने दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार पिछले 2-3 महीने में कंपनी के पास लौटे 34 मोबाइल पार्सलों में नहीं मिले। इनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 30 हजार रुपए बताई गई है। बॉक्स में केवल ब्लूटूथ डिवाइस पाए गए।

---

कभी स्थायी का मिला था सरकार के मुखिया से आश्वासन, विधानसभा तक में गूंजा मामला लेकिन फिर भी नहीं मिला आसरा

## प्रदेश में बेसहारा हो गए नियुक्त किए गए 9300 जनसेवा मित्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शिवराज सरकार के समय नियुक्त किए गए 9300 जनसेवा मित्र बेसहारा बेरोजगार हैं। कभी इन्हें स्थायी का आश्वासन सरकार के मुखिया ने दिया था। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त किए गए 9300 जन सेवा मित्रों की नियुक्ति व उनकी सेवाएं समाप्त करने संबंधी मामला विधानसभा में गूंजा था। इसके बाद भी भाजपा की सरकार से इन्हें आसरा नहीं मिल सका है।

**शिवराज सरकार ने किया था स्थायी करने का वादा-** तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन 9300 जन सेवा मित्रों को स्थायी नौकरी देने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा था कि आप जन सेवा करें, आपके भविष्य की चिंता सरकार करेगी। लेकिन 2024 में जब नई सरकार बनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यभार संभाला, तो जन सेवा मित्रों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। इससे हजारों युवा बेरोजगार हो गए।

### कोई ठोस फैसला नहीं

9300 जन सेवा मित्रों ने विधायकों, सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था और समय-समय पर अपनी नौकरियां बहाल करने की मांग प्रदेश भर में की गई। इस मुद्दे को कई विधायकों ने विधानसभा में भी उठाया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार की ओर से सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।




### क्या है जन सेवा मित्र योजना?

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल के अंतिम दौर में मध्य प्रदेश सरकार ने 9300 जन सेवा मित्रों की नियुक्ति की गई। इनका मुख्य कार्य सरकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाना और गरीब परिवारों को लाभ दिलाना था। इनकी मदद से कई सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जाती थी। इससे ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर हो रहा था।

### जन सेवा मित्रों की मांग हमें न्याय चाहिए

बेरोजगार हुए जन सेवा मित्रों ने कहा कि हमने सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में मदद की, लेकिन सरकार ने हमें ही बेरोजगार, बेसहारा कर दिया। उनका कहना है कि "अगर हमें फिर से नियुक्ति नहीं दी गई, तो हम बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मामले में सरकार का कहना है कि जन सेवा मित्रों की नियुक्ति अस्थायी थी। इस योजना की अवधि समाप्त होने के कारण इनकी सेवाएं खत्म कर दी गई हैं।

**जनसेवा मित्रों को हटाना युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय- जीतू पटवारी**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की मोहन सरकार द्वारा जनसेवा मित्रों को हटाने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह फैसला केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। पटवारी के मुताबिक प्रदेश में करीब 9390 जनसेवा मित्र वर्षों से प्रशिक्षित होकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे थे। ये युवा सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे थे। लेकिन सरकार ने बिना ठोस कारण बताए उनकी सेवाएं अचानक समाप्त कर दीं, जिसे उन्होंने असंवेदनशील कदम बताया। जीतू पटवारी ने कहा कि एक ओर सरकार रोजगार देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर अनुभवी युवाओं को हटाकर सीएम यंग इंटर्न जैसी अस्थायी योजनाएं लाना नीयत और नीति दोनों पर सवाल खड़े करता है। पटवारी ने कहा कि इस तरह के फैसले युवाओं के विश्वास को तोड़ते हैं और उनके भविष्य को असुरक्षित बनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं को स्थिर रोजगार, सम्मान और सुरक्षा की जरूरत है, न कि अस्थायी योजनाएं और बार-बार की अनिश्चितता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि सरकार इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करे और सभी जनसेवा मित्रों को बहाल कर उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए।

---

देशी-विदेशी शराब के साथ कच्ची जहरीली शराब का परिवहन जिले में लगातार बढ़ता जा रहा

## चेकिंग में बिना नम्बर की कार से मिली जहरीली शराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देशी-विदेशी शराब के साथ कच्ची जहरीली शराब का परिवहन जिले में लगातार बढ़ता जा रहा है। अवैध शराब मामलो से जुड़े लोगों की धरपकड़ सख्ती के साथ करने के निर्देश एसपी ने जारी किए है। इसी अभियान में चेकिंग के दौरान बड़नगर पुलिस ने बिना नंबर की कार से जहरीली कच्ची शराब बरामद कर दो बदमाश भाइयों को गिरफ्तार में लिया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि सोमवार-मंगलवार रात रुनिजा ब्रिज के पास चेकिंग पाइंट लगाया गया था, तभी



बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया। जिसमें दो युवक सवार थे। उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस टीम द्वारा उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम दिलीप पिता पीरुलाल परमार 22 साल और लखन पिता पीरुलाल परमार 40 साल निवासी निवासी ब्रह्मण बड़ोदा थाना इंगोरिया होना बताएं। पुलिस टीम द्वारा उनकी गाड़ी की तलाशी दी गई, जिसमें एक प्लास्टिक की केन राखी होना सामने आई। चेक करने पर उसमें दुर्गंध युक्त केमिकल भरा होना पाया गया। पूछने पर उन्होंने कबूल किया कि 20 लीटर कच्ची जहरीली शराब है। थाना प्रभारी के अनुसार 5 लाख कीमत की कार जप्त कर दोनों भाइयों को जहरीली शराब के साथ थाने लाया गया। जहां उनके खिलाफ अवैध शराब मामले का प्रकरण आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया। दोनों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा के आदेश होने पर जेल भेजा गया है।

### रेलवे फाटक से 1.15 लाख की शराब जप्त

अवैध शराब के मामले में बिरलाग्राम थाना पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र खाचरोद मार्ग स्थित उमरनी रेलवे फाटक के पास दबिश देखकर बाइक से शराब सप्लाई करने आए दो युवकों को गिरफ्तार किया, उनके पास से 7 पेटी देशी शराब के साथ बाइक कीमत 1.15 लाख जप्त की गई। दोनों युवक बलराम पिता शांतिलाल 25 वर्ष निवासी ग्राम नावटिया और धर्मेन्द्र पिता सज्जनसिंह 26 वर्ष निवासी ग्राम उमरना के रहने वाले हैं पूछताछ में उन्होंने पूर्व में शराब ठेके पर काम करने वाले महेंद्र सिंह पिता कालू सिंह निवासी ग्राम बेडावनिया से लाना बताया। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार के अनुसार महेंद्र को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया है।

---

## ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स



जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।


---

## खजराना गणेश मंदिर इंदौर के पुजारी पर पत्नी के आरोप, एक करोड़ रुपए और फॉर्च्यूनर मांगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारी परिवार की बहू इंदिरा भट्ट ने अपने पति पुनीत भट्ट और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया है। इंदिरा के अनुसार, उनकी शादी 17 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। यह दोनों की दूसरी शादी है। पति ने संतान की इच्छा के चलते विवाह किया था। शुरूआत में सब कुछ ठीक रहा। जुलाई 2025 के बाद ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। पति समेत सास, ननद, नंदोई और देवरों ने मिलकर दहेज के लिए दबाव बनाया। मायके से 1 करोड़ रुपए और फॉर्च्यूनर कार लाने की मांग की। मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ना दी गई, अपमानित किया गया।



## न्यूज-कॉलम



### कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये 30 आवेदनों को व्यक्तिगत रुप से सुना

**बड़वानी** । मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जनसुनवाई करते हुये 30 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।जनसुनवाई में ग्राम उपला निवासी श्री राकेश पिता बहादर अलावे ने आवेदन देकर बताया कि उनके नाम शौचालय निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा जानकारी दी गई थी, उन्होने स्वयं के पैसे से शौचालय का निर्माण करवा लिया गया । अब उनको निर्माण किये गये शौचालय की राशि करीब १९ माह बितने के बाद भी राशि प्राप्त नही हुई है। इस हेतु उन्होने ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत में भी जानकारी प्राप्त की । किन्तु संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त आवेदन को जनपद पंचायत राजपुर के सीईओ को भेजकर परीक्षण कराकर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में सेगांव निवासी श्री महेन्द्रसिंह पिता सुदेश सिंह ने आवेदन देकर बताया कि उनके व्यवसायिक विद्युत कनेक्शन का मीटर अप्रैल 2025 से मीटर बंद था, उसके बाद भी उन्हे बिल दिया गया, बंद मीटर की उन्होने कई बार शिकायत भी दर्ज कराई परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई ।

### जिले में डीजल-पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं,अफवाहों से बचें: कलेक्टर

**आलीराजपुर।** जिले में डीजल और पेट्रोल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि प्रशासन लगातार पेट्रोल-डीजल कंपनियों और पंप संचालकों से संपर्क में है तथा नियमित रूप से स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पेट्रोल पंपों का निरंतर निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दें। उन्होंने सख्ती से कहा कि यदि कोई विक्रेता अवैधानिक तरीके से पेट्रोल या डीजल की बिक्री करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदकर उसका भंडारण करता है, तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में आकर अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है।

### पुलिस विभाग द्वारा वाहन अधिग्रहण के लिए ऑफलाइन निविदा आमंत्रित

**खरगोन ।** पुलिस विभाग जिला खरगोन के अंतर्गत जिले के समस्त थाना/चौकियों, पुलिस लाइन खरगोन एवं राजपत्रित अधिकारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वाहनों के अधिग्रहण के लिए ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। यह निविदा दैनिक एवं मासिक किराया दर पर कानून व्यवस्था, वी.आई.पी. ड्यूटी एवं अन्य आवश्यक ड्यूटी कार्यों के लिए वाहनों की समय-समय पर आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए जारी की गई है।निविदा में भाग लेने के इच्छुक वाहन स्वामी कार्यालय वाहन शाखा, जिला पुलिस लाइन खरगोन से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित शर्तों को स्वीकार करते हुए प्रपत्र में समस्त आवश्यक जानकारी एवं किराया दरें भरकर बंद लिफाफे में पुलिस अधीक्षक, जिला खरगोन के नाम से २४ मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक कार्यालय में जमा की जा सकती हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।प्राप्त निविदाओं को 1 अप्रैल 2026 को प्रातः 11.30 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), जिला खरगोन के समक्ष खोला जाएगा।

### गणगौर पर गूंजा निमाड़ का रंग, भजन संध्या में हुआ भव्य सम्मान

**खरगोन ।** गणगौर पर्व के पावन अवसर पर गांधी नगर स्थित महामृत्युंजय धाम में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें निमाड़ की संस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।इस अवसर पर हम तो निमाड़ वाले, बात करे खरी-खरी जैसे लोकप्रिय लोकगीत से अपनी विशेष पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध लोकगीत गायक श्री हरिराम पटेल जी एवं श्याम प्रेमी मित्र मंडल को महामृत्युंजय महादेव मंदिर समिति, महामृत्युंजय धाम, गांधी नगर खरगोन द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक एवं श्याम भक्त उपस्थित रहे, जिन्होंने भजनों का आनंद लेते रहे।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**बुरहानपुर।** कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा बुरहानपुर कल दिनांक को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देगे उपरोक्त जानकारी देते हुए संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशफाक खान ने कहां कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे ,अपेक्स के राजकुमार मंडलोई, ट्राईबल वेलफेयर के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, नेशनल मूवमेंट के अनिल बाविस्कर, विजय राठौड़, अजेक्स के राजेश साल्वे, नेशनल मूवमेंट के अनिल सातों, राजेश पाटील ,श्रीमती प्रमिला सगरे ,ज्योति पाटील सभी ने शिक्षक शिक्षिका कर्मचारियों से अनुरोध किया है कल के ज्ञापन में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर हमारे अधिकारों पर जो कुठाराघात किया जा रहा है इसका विरोध करने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय शाम 5 बजे अनिवार्य रूप से पहुंचे हम सभी प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री से अनुरोध करेंगे।

### आंगनवाड़ी केन्द्र में हुआ विद्यारंभ

**बड़वानी ।**कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी रतन सिंह गुंडिया सुपरवाइजर कविता बरडे द्वारा आंगनवाड़ी बड़वानी शहरी -1 शहरी -2 में 5 से 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यारंभ समारोह (ग्रेजुएशन सेरेमनी) आयोजित किया गया। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्हें औपचारिक स्कूल शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा।

खरगोन में 31 मार्च से होगा पत्रकारों का महाकुंभ

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन को लेकर तैयारियां तेज हुई

## प्रदेशभर से सैकड़ों पत्रकार होंगे शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महेश्वर

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा 31 मार्च से 1 अप्रैल तक खरगोन में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है। संघ के पदाधिकारी सदाशिव



वर्मा, विजय मोरे, परसराम चौहान एवं भाजपा नेता रणजीत डंडीर ने दोनों जनप्रतिनिधियों से भेंट कर उन्हें अधिवेशन में शामिल होने का निमंत्रण सौंपा। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया और प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पत्रकारों की भागीदारी की जानकारी दी। दो दिवसीय इस प्रांतीय अधिवेशन में पत्रकारों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। साथ ही वरिष्ठों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया जाएगा, जिससे पत्रकारिता के क्षेत्र में नई दिशा और मजबूती मिल सके।

अधिवेशन को सफल बनाने के लिए संघ के पदाधिकारी और सदस्य पूरी तरह से जुटे हुए हैं। आयोजन स्थल से लेकर व्यवस्थाओं तक हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले पत्रकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अधिवेशन में म.प्र. के जिलों से सैकड़ों पत्रकारों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह आयोजन पत्रकारों का एक बड़ा मंच साबित होगा।

### निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना सहायता योजनाओं के शत-प्रतिशत आवेदनों का हुआ निराकरण

**बड़वानी ।**कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम छोर तक पहुँचाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी कड़ी में श्रम विभाग के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बड़वानी जिले में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों का पंजीयन म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत भवन संनिर्माण श्रमिकों का पंजीयन, मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने पर सहायता और राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरस्कार योजना सम्बंधी आवेदनों का निराकरण किया जाना था। जिसके तहत श्रम विभाग को कुल 12,238 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12,090 आवेदनों को स्वीकृत कर निराकृत किया गया है। शेष लंबित प्रकरणों पर भी पात्रता अनुसार निराकरण की प्रक्रिया जारी है। सबसे अधिक आवेदन निर्माण श्रमिकों के पंजीयन सम्बन्धी प्राप्त हुए।

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज की वार्षिक बैठक, पदाधिकारी मनोनीत



**मंडलेश्वर।**गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर स्थानीय धर्मशाला में नार्मदीय ब्राह्मण समाज इकाई मंडलेश्वर की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता समाजसेवी श्री योगेंद्र पूरे जी द्वारा की गई। सभा के प्रारंभ में पूरे जी द्वारा मां नर्मदा जी का पूजन कर नर्मदा अष्टक से सभा के प्रारंभ करने का आदेश दिया। सर्वप्रथम इकाई के कोषाध्यक्ष शरद वैद्य ने वर्ष भर का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, युवा अध्यक्ष रितेश शर्मा के द्वारा युवा मंडल द्वारा वर्ष में की गई गतिविधियों का वाचन किया। पश्चात समाज की महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती संध्या शर्मा द्वारा वर्ष भर में की गई महिला मंडल की गतिविधियों को समाज के पटल पर रखा। समाज के द्वारा आयोजित किए जाने वाले सर्व ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत जो कि अक्षय तृतीया पर आयोजित किया जाने वाला है, उसके अध्यक्ष भास्कर सोहनी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को समाज को बताया।समाज अध्यक्ष नंदकिशोर डोंगरे ने समाज के समक्ष उनके कार्यकाल में हुए वर्ष भर की गतिविधियों एवं उपलब्धियां का वाचन किया।

### सांसद ने लोकसभा में उठाया हिंदी को न्यायिक कार्यवाही की अनिवार्य भाषा बनाने का मुद्दा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

लोकसभा में नियम ३७७ के अंतर्गत खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने देश की न्यायिक व्यवस्था से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहितकारी विषय उठाया। उन्होंने उच्च न्यायालयों में हिंदी भाषा के प्रभावी उपयोग की मांग करते हुए इसे आमजन के न्याय अधिकार से सीधे जुड़ा मुद्दा बताया।

सांसद पाटील ने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश सहित देश के अधिकांश उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में संचालित होती है, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण, गरीब, किसान और सामान्य वर्ग के नागरिकों को न्याय प्रक्रिया को समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाषा की यह बाधा न्याय को आमजन से दूर कर देती है और नागरिकों को अनावश्यक रूप से दूसरों पर निर्भर बनाती है।सांसद पाटील ने संविधान के अनुच्छेद 348(2) और राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया



कि उच्च न्यायालयों में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग का प्रावधान पहले से मौजूद है, आवश्यकता केवल इसके प्रभावी और व्यापक क्रियान्वयन की है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि मध्यप्रदेश सहित सभी हिंदी भाषी राज्यों के उच्च न्यायालयों में हिंदी को कार्यवाही और आदेशों की अनिवार्य भाषा के रूप में लागू किया जाए।

इससे न केवल आम नागरिकों को न्याय सुलभ होगा, बल्कि न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता, विश्वास और भागीदारी भी मजबूत होगी। सांसद पाटील ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार इस जनभावना से जुड़े विषय पर सकारात्मक और ठोस निर्णय लेगी।

### ज्वारों से गले मिल दी नम आंखों से विदाई, हुआ विर्सजन

**सनावद।** गणगौर पर्व पर सोमवार शाम बस स्टैंड परिसर में आस्था का सैलाब दिखाई दिया। दोपहर से नगर पालिका व पुलिस ने गणगौर रथों की अगवानी के लिए तैयारियां की। दोपहर बाद यात्री बसों का संचालन बस स्टैंड परिसर के बाहर से की गई। यात्री प्रतीक्षालय व बस स्टैंड परिसर की सफाई करवाकर पानी से धुलवाया। मंच सहित मंदिरों में सजावट कर परिसर क्षेत्र व मार्ग की प्रकाश व्यवस्था की। सुरक्षा के लिए आयोजन स्थल व विभिन्न चौराहों व मार्गों पर आवश्यक बल तैनात किया गया।सोमवार शाम को रणुबाई व धनियर राजा के रथ लेकर महिला-पुरुषों का कारवां गणगौर के झालरिया गीत गाते हुए ढोल-ताशों के साथ बस स्टैंड पहुंचा। श्रद्धालुओं ने पूजा की। मन्नत धारी रथ बोड़ाकर माता को बेटी की तरह घर लाए। माता विसर्जन के लिए वापस रथों को बस स्टैंड परिसर लाया गया।जहां ज्वारों का विसर्जन कर गणगौर माता को विदाई दी। इस दौरान हजारों नागरिकों ने ज्वारों से गले मिलते हुए धनियर राजा और रनुबाई की स्तुति का बखान किया।गणगौर के लोकगीतों व भजनों से गणगौर घाट बस स्टैंड व कृषि मंडी परिसर गूंज उठा। बाहेती कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र से माता के रथों को कृषि उपज मंडी ले जाया गया। श्रद्धालुओं ने यहां पूजा कर तमोल की धानी व नारियल प्रसादी बांटी। इसके बाद माता रूपी जवारों की पूजा कर नम आंखों से माता को विदाई दी।

### विश्व क्षय दिवस पर हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बड़वानी । राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 24 मार्च 2020 को विश्व क्षय दिवस पूरे भारत में मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में जिला क्षय केन्द्र बड़वानी में एक जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधीयों की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण एवं टीबी मरीजों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में अतिथि श्री राजन मण्डलोई, विधायक, विधानसभा क्षेत्र बड़वानी, श्रीमति सुमन बाई वर्मा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत बडवानी एवं पार्षदगण द्वारा टी.बी. मरीजों को सहयोग के रूप में निक्षय मित्र योजना अंतर्गत फूड बॉस्केट का वितरण करते हुए समाजसेवीयों एवं दानदाताओं को टीबी मरीजों के मित्र बनकर सहयोग करने की अपील की गई।

### संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक भक्ति भाव से मनाया

**सनावद।** जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक सभी समाजजनों बड़े हर्षोल्लास से मनाया।सन्मति जैन काका ने बताया की आज चैत्र शुक्ल छठ के दिन जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक सभी समाजजनों ने बसे हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर सभी जैन मंदिरों में विशेष अभिषेक पूजन कर निर्वाण कांड का वाचन कर लाडू समर्पित किया गया। इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में रजत जैन, सुरेश मुंशी, पवन धनोते, रवींद्र जैन सुनील पावणा, नवनीत जैन, रदेश जैन राजकुमारी जैन, हेमा मुशी, सरला जैन, अंजू पाटनी, मधु भूच, पुष्पा जैन सुरेखा पाटनी, मोहिनी जैन उपस्थित थी।

### बड़वानी में प्राचीन बावड़ी में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**बड़वानी।** प्रदेशव्यापी 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में बड़वानी जिले के जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा मोटी माता स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई के लिए विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नगर पालिका के कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों,विधिक सेवा प्राधिकरण और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर प्राचीन बावड़ी परिसर में व्यापक श्रमदान कर बावड़ी से गंदगी, कचरा और गाद को बाहर निकाला, ताकि पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर जलस्तर में सुधार लाया जा सके।

### जलसुनवाई एवं प्रशिक्षण शिविर

**बड़वानी ।**बड़वानी जिले के विभिन्न नगरीय निकायों जैसे नगरपालिका परिषद बड़वानी एवं नगर परिषद पलसूद के तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय जलसुनवाई एवं प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पेयजल नमूनों की गुणवत्ता जांच, नागरिकों को जल शुद्धिकरण किया जाए।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित हुई जनजागृति रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिले में जनजागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली को विधायक कालूहेडा द्वारा हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया गया। रैली कार्यालय जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से आरंभ हुई व शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी।

रैली में मुख्य जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, आरएमओ जिला चिकित्सालय डॉ. चिन्मय चिचोलिकर, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावाले, नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राएं सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली मे नर्सिंग की छात्राओं द्वारा तख्तियों के माध्यम से क्षयरोग के संबंध मे प्रचार-प्रसार किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष दिनांक २४ मार्च को विश्व क्षय (टीबी रोग) दिवस मनाया जाता है। रॉबर्ट कोच ने सबसे पहले जान लेवा बीमारी टीबी के बेक्टिरिया का पता लगाया था। 139 साल पहले 1882 में आज ही के दिन टीबी की बीमारी के लिये जिम्मेदार बेक्टिरिया माइक्रोबेक्टेरियम की खोज की एवं रॉबर्ट कोच को 1905 में इसके लिये नोबल पुररूकार से सम्मानित किया गया था। इसके पहले टीबी को असाध्य बीमारी के रूप में जाना था। रॉबर्ट कोच के सम्मान में टीबी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि दो तिहाई टीबी केसेस सिर्फ आठ देशों (भारत, इण्डोनेशिया, चाईना, फिलिपिंस, पाकिस्तान, नाईजिरिया, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश) में पाये जाते हैं। टीबी उपचार योग्य बीमारी है और इसका ईलाज पूर्णतः निःशुल्क है।

आमतौर पर पन्द्रह दिन की खासी, पन्द्रह दिन का बुखार, बलगम में खुन आना, छाती में दर्द, वजन कम होना आदि संभावित टीबी के लक्षण होते हैं। सामान्यतः टीबी फेफडों में पाई जाती है परंतु बाल और नाखुन के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से अथवा अंग में टीबी की बीमारी हो सकती है। समय पर सही ईलाज नहीं लेने पर यह जानलेवा रोग हो सकता है। एक अनुउपचारित क्षय रोगी एक वर्ष में पन्द्रह स्वस्थ्य लोगों को टीबी से ग्रसित कर सकता है।

## चैत्र नवरात्रि सप्तमी पर चुनरी यात्रा निकाली जाएगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

भक्ति और शक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्रि की सप्तमी, 25 मार्च बुधवार को शहर में भव्य एवं विराट चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा शाम 6 बजे राजमहल स्थित श्री पद्मावती माता मंदिर से प्रारंभ होकर 39 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए राजापुर स्थित श्री गढखंखाई माता मंदिर पहुंचेगी।

आयोजन समिति के संयोजक जनक नागल, अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका (पार्षद) एवं नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यात्रा से पूर्व श्री पद्मावती माता एवं श्री चामुंडा माता को 11-11 फीट की चुनरी ओढ़ाकर पूजा-अर्चना एवं महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात सैकड़ों भगवा ध्वजों, ढोल-नगाड़ों, बैंड और म्यूजिक सिस्टम के साथ 111 फीट लंबी चुनरी लेकर श्रद्धालु यात्रा प्रारंभ करेंगे।यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों–पैलेस रोड, डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घांस बाजार, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, लक्कड़पीठा, सुतारों का वास, बाजना बस स्टैंड, अंडर ब्रिज, सागोद रोड एवं शिवगढ़ होते हुए गुजरेगी। पूरी रात भक्तगण माता रानी के भजन एवं गरबा करते हुए यात्रा में शामिल रहेंगे। प्रातः लगभग 6 बजे गढखंखाई माता मंदिर पहुंचकर चुनरी अर्पित की जाएगी तथा हिंदू राष्ट्र की कामना के साथ यात्रा का समापन होगा। उल्लेखनीय है कि यह चुनरी यात्रा का 26वां वर्ष है।आयोजन समिति के महर्षि श्री संजय शिव शंकर दवे, जनक नागल, धर्मेन्द्र रांका, मंगल सिंह पंवार, मदन सोनी, अजय यार्दे, मुकेश गांधी, विपिन सोनी, नीरज चावला, संजय पेमाल, रत्ना पाल, गोपाल शर्मा, गब्बर यादव, अर्जुन प्रजापत, सोनू प्रजापत, चिराग जायसवाल, जितेंद्र बामनिया, विनोद गुर्जर, शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, पप्पू गादिया, रवि रानीवाल, हेमंत ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों शामिल होंगे।

### स्वास्थ्य गोष्ठी, शिविर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई

**रतलाम।** रतलाम रेल मंडल चिकित्सालय में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं उनके परिवार के लिए सुविधाओं को लेकर रतलाम रेल मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार बेन से ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने मुलाकात कर स्वास्थ्य गोष्ठि,स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य सुविधाओं पर चर्चा हुई। डॉक्टर बेन ने बताया कि शनिवार चार अप्रैल को प्रातः 11 बजे रतलाम रेल मंडल चिकित्सालय पर इंदौर के डॉक्टर अक्षय लाहोटी एसोसिएट प्रोफेसर एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर द्वारा ब्लड संबंधी समस्याओं पर गोष्ठी को संबोधित करेंगे तथा रेलवे पेंशनर एवं परिवार के लिए स्वास्थ्य शिविर भी प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। व्यास ने महू डिस्पेंसरी में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हो क्योंकि महू जहां हजारों की संख्या में सेवानिवृत्त रेलकर्मी एवं उनके परिवार एवं कार्यरत रेल कर्मचारी निवास करता है आज डिस्पेंसरी में एक ही कांटेक्ट डॉक्टर उपलब्ध है जिससे मरीजों को इंदौर जाना पड़ता है जो समय और पैसा भी व्यय होता है जिस पर डॉक्टर बेन ने कहा कि इस पर स्थानीय डॉक्टर से चर्चा होगी या इंदौर से कोई विशेषज्ञ डॉक्टर कांटेक्ट हॉस्पिटल से उपलब्ध कराया जाएगा। आपने बताया कि इंदौर में अभी जो डिस्पेंसरी है उसका भी दो मंजिला नवीनीकरण किया जाएगा जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा जहां चार बिस्तर एवं तीन डॉक्टर उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

### रावटी क्षेत्र में दो भीषण हादसों में तीन की मौत, कहीं जनरेटर बना काल, तो कहीं नदी में डूबी दादी-पोती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के भीतर दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना में जनरेटर में गमछा फंसने से एक युवक की जान चली गई, वहीं दूसरी घटना में पोती को बचाने के चक्कर में दादी भी नदी में डूब गईं। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना ग्राम आकडिया की है। रावटी थाना प्रभारी सुरेंद्र गड़रिया के अनुसार, सोमवार दोपहर ग्राम भेरुघाटी निवासी दिलीप देवदा ३० वर्ष हुमसिंह नामक व्यक्ति के घर के बाहर काम कर रहे थे। जब दिलीप चलते हुए जनरेटर को बंद करने गए, तभी अचानक उनके गले में लटका गमछा जनरेटर के पट्टे की चपेट में आ गया। गमछा गले में बुरी तरह खिंच जाने के कारण दिलीप की मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरी दुखद घटना ग्राम गुर्जरपाडा की है, जहाँ माही नदी के तट पर ममता और हादसे का मेल देखने को मिला। 47 वर्षीय सीता बाई अपनी 8 वर्षीय पोती मोनिका के साथ नदी पर नहाने और कपड़े धोने गई थीं। नहाते समय अचानक मोनिका का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगी। अपनी पोती को आंखों के सामने डूबता देख दादी सीता बाई ने उसे बचाने के लिए तुरंत नदी में छलांग लगा दी। नदी के पानी का बहाव और गहराई अधिक होने के कारण दोनों ही खुद को संभाल नहीं पाईं और डूब गईं।

नदी किनारे मौजूद अन्य ग्रामीणों ने जब कपड़ों को लावारिस देखा और दादी-पोती को गायब मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले।

दोनों घटनाओं में पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शवों का पंचनामा बनाकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। **– सुरेंद्र गड़रिया, थाना प्रभारी, रावटी**

### बाबा रामदेव जी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का लोकार्पण

**रतलाम।** श्री बाबा रामदेव जी मंदिर परिसर में विकास कार्यों का लोकार्पण तथा प्रति वषार्नुसार आयोजित होने वाली श्री मारू भांबी समाज का सामाजिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन समाजजनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। रविन्द्र गेहलोत ने बताया कि चैत्र नवरात्र हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर हाट की चौकी रतलाम स्थित अतिप्राचीन श्री बाबा रामदेव जी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं श्री मारू भांबी समाज का सामाजिक स्नेह मिलन समारोह में सर्वप्रथम पधारे अतिथियों एवं समाजजनों का तिलक व भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया, तत पश्चात ध्वज चल समारोह निकालकर श्री बाबा रामदेव जी की महाआरती हुई सम्पन्न हुई। उक्त आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल मारू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व निर्वाचित रतलाम समाज अध्यक्ष झमक पडियार, उपाध्यक्ष नंदकिशोर खांबू, मांगीलाल अनखे, सचिव रविंद्र गहलोत, सह सचिव जगदीशचंद्र मातोरिया, कोषाध्यक्ष दीपेश पडियार, सह कोषाध्यक्ष प्रभुलाल राठौर, समन्वयक गोलू भूमारचा, युवा प्रकोष्ठ, हरीश बामनिया सहित कार्यकारिणी सदस्य पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल बोका, बद्रीलाल पुनवर, राजेश बोचा, महेश सोलंकी, दिनेश पडियार,रमेश कथिरिया, बहादुर खांबु, सहित सैकड़ों समाजजन आयोजन में शामिल हुए ।

## न्यूज -कॉलम

### हिरासत में आया लूट में शामिल फरार चौथा नाबालिग

**उज्जैन।** राजेन्द्रनगर में 15 को रात 3 बजे बाइक पर सवार चार युवकों ने न्यू इंदिरानगर शांतिनगर के पास रहने वाले रमेशचंद्र पिता गेंदालाल जैन 65 साल के साथ 20 हजार रूपयों की लूट को अंजाम दे दिया था। रमेशचंद्र राजेन्द्र नगर चौराहा पर जैन कैफे एव्हरफ्रेश की दुकान चलाते है। वह प्रतिदिन रात ढाई बजे दुकान पहुंचकर चाय-नाश्ता बनाने की तैयारी करने के लिये दुकान पर पहुंचे है। तभी बदमाशों ने उनके साथ लूट की थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सात दिनों बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों को ट्रेस कर लिया था। रविवार रात 3 को हिरासत में लिया गया था। जो नाबालिग होना सामने आये थे। चौथा फरार था, जिसे मंगलवार को पकड़ा गया। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि लूट में शामिल नाबालिग टेडी खजूर, संजय नगर, महाकाल क्षेत्र और न्यू अशोक नगर के रहने वाले है। उनकी निशानदेही पर लूट गये 20 हजार में से सिर्फ 25 सौ रूपये बरामद हो पाये है। शेष रूपये चारों ने मौज-मस्ती में खर्च कर दिये थे। लूट में प्रयुक्त की गई बाइक भी जप्त की गई है। चारों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

### निपानिया में बाइक भिडंत, पति की मौत पत्नी घायल

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम निपानिया गोयल में रहने वाला कपिल पिता रामसिंह कुशवाह 35 साल सोमवार को पत्नी रीना के साथ खरीददारी करने उज्जैन आया था। रात में दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। निपानिया गोयल मोड पर उनकी भिडंत सामने से आ रही बाइक से हो गई। दुर्घटना में कपिल और उसकी पत्नी घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल उज्जैन लाया गया। लेकिन कपिल की रास्ते में मौत हो चुकी थी। मंगलवार सुबह पुलिस ने कपिल का पोस्टमार्टम कराया। पति की मौत होने पर चरक अस्पताल में भर्ती पत्नी रीना भी छुट्टी लेकर अपने गांव पति के अंतिम संस्कार के लिये लौट गई। मामले में घट्टिया थाना पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। सड़क दुर्घटना का एक मामला उन्हेल के ग्राम मडावदिया में हुआ था। पैदल घर लौट रहे दुर्गालाल पिता बगदीराम 70 साल को कार ने कुचल दिया था। गंभीर हालत में परिजन उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां सोमवार-मंगलवार रात दुर्गालाल की मौत हो गई। मामले में नीलगंगा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।

### हफ्ता नहीं देने पर बदमाशों ने ड्रायवर से की मारपीट

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम कनासिया में सुजलोन कंपनी के पवन चक्की प्लांट पर काम करने वाले ड्रायवर अगंद पिता सुगंधी वंशकर निवासी गलेना ललितपुर उत्तरप्रदेश को रोक बदमाशों ने हफ्ता मांगा और पवन चक्की की मशीन हटाने की धमकी दी। अगंद ने हफ्ता देने से मना किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए पोकलेन मशीन में तोडफोड कर जान से मारने की धमकी दी। तराना थाना पुलिस ने अंगद की शिकायत पर ग्राम बंजारी के रहने वाले बदमाश जितेन्द्र गुर्जर और दो साथी इंदरसिंह गुर्जर, कमल गुर्जर के खिलाफ धारा 119 (2), 324 (2), 115 (2), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि बदमाश पूर्व में भी पवन चक्की से जुडे कर्मचारियों को अवैध वसूली के लिये धमका चुके है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आयेगी मौत की वजह

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र में रहने वाले रमेश पिता उदयलाल बैतवाल 55 साल को सोमवार रात परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया और शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख पुलिस को सूचना दी गई। आशंका जताई गई कि रमेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। लेकिन परिजनों को कहना था कि रमेश खेत पर मजदूरी करता था, रात में दवा का छिडकाव कर घर लौटा था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगडी थी। पंवासा थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रथमदृष्टता मामला जहरीला पदार्थ खाने का सामने आ रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह सामने आ जायेगी। उसके बाद परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू करेगें।

### बालक की बिगडी हालत

**उज्जैन।** कुछ दिनों पहले बाल संप्रेक्षणगृह में अपराध संबंधित मामले में 10 साल के बालक को लाया गया था। सोमवार रात बालक ने वहां रहने वाले अन्य बालकों को एलर्जी के लिये मिलने वाली सिट्राजीन गोली खा ली। जिससे बालक की हालत बिगड गई। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार को बालक की हालत में सुधार हो गया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 357-5 | 577-9 |
| मेन बाजार | 199-9 | 239-4 |
| कल्याण नाइट | 340-7 | 447-5 |
| मिलन डे | 224-8 | 339-5 |
| मिलन नाइट | 589-2 | 389-0 |
| मधुर डे | 348-5 | 359-7 |
| मधुर नाइट | 199-9 | 890-7 |
| शुभांक | 3 6 | 0 |

लोगों ने उपयोग से अधिक पेट्रोल-डीजल भरवाया वाहनों में...

# एक अफवाह से पेट्रोल पंपों पर लगी बेहिसाब भीड

### जिसे देखो फूल टेंक पेट्रोल -डीजल की मांग करते दिखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहरी क्षेत्र में मंगलवार देर शाम को आकस्मिक रूप से पेट्रोल एवं डीजल की मांग बेहिसाब बढ गई। वाहन चालक अपने कामों को छोडकर पेट्रोल पंपों पर ऐसे पहुंचे जैसे आगे मिलेगा ही नहीं। पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गई। यहां तक की संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को व्यवस्था के लिए लगना पडा। कुछ क्षेत्रों में पुलिस ने अफवाह पर ध्यान न देने की उद्घोषणा भी की है। जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने साफ कहा हमारे पास भरपूर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल वाहनों में लें।

मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर अफवाहों ने देर शाम को जोर पकड लिया। इसे लोगों ने वैश्विक समस्या से जोडकर देख लिया और आगे वाहनों के इंधन को लेकर आपूर्ति की अफवाहों को जोर मिलता गया। एक से दुसरे तक पहुंची अफवाहों के चलते देर शाम को देखते ही देखते पेट्रोल पंपों पर भीड जुटने लगी और वाहनों की कतार लंबी होती चली गई। देर रात तक पेट्रोल पंपों पर यही हाल देखा गया है।





### जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल

जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने बताया कि जिले में करीब 150 पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं। इनमें से मात्र शहरी क्षेत्र एवं पास के अनुभाग में ही अफवाहों ने जोर पकडा और देर शाम से पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लग गई। रिजर्व के लिए लोगों ने जरूरत से भी अधिक पेट्रोल एवं डीजल की मांग रखना शुरू कर दिया।जिले में मंगलवार तक 16 हजार किलो लीटर पेट्रोल एवं 25 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त डिपो में दो माह का पेट्रोल एवं डीजल रखा हुआ है। आपूर्ति में भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। एक दम से इस प्रकार से आवश्यकता नहीं होने के बावजूद मांग होने पर पेट्रोल पंपों पर स्थिति बिगडने के हालात बने हैं। आपूर्ति बिल्कुल सामान्य है। उन्होंने साफ कहा कि पेट्रोल पंपों पर लोग केन डिब्बों एवं ड्रम लेकर डीजल लेने पहुंच रहे हैं जिस पर रोक के लिए कहा गया है। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दैनिक उपयोग जितना ही पेट्रोल -डीजल लें,अफवाहों पर ध्यान न दें।

### लोग उलझते रहे पेट्रोल - डीजल लेने को

पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल लेने के लिए लगी लंबी लाईनों के चलते वाहन चालक कई जगह पर आपस में उलझते देखे गए। इस दौरान बोलचाल एवं गाली गलौज तक देखी गई। संबंधित थाना पुलिस के लिए भी काम बढ गया। पेट्रोल पंपों पर इसके चलते स्टाफ की तैनाती कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई।

### पंप बंद हुए तो अफवाह और बढी

इधर समय पर बंद होने वाले पेट्रोल पंपों के कारण अफवाह ने और जोर पकड लिया कि पेट्रोल -डीजल खत्म हो गया है। शहरी क्षेत्र के कई पेट्रोल पंप प्रति दिन की तरह समय पर बंद किए गए। आवासीय क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों को नियमानुसार बंद करना होता है। 24 घंटे संचालित होने वाले पेट्रोल पंप खाद्य विभाग की अनुमति से ही संचालित होते हैं।

### पुलिस ने की उद्घोषणा

देवासगेट क्षेत्र में इन हालातों को देखते हुए संबंधित थाना पुलिस के जवान हाथों में लाउड स्पीकर लेकर मैदान में उतरे और उन्होंने अपने क्षेत्र के पंपों पर पहुंचकर वहां पेट्रोल ङ्कडीजल लेने के लिए खडी भीड को अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए आगाह करते हुए सचेत किया। इसके बावजूद भीड बराबर पंपों पर बनी रही।

ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज पर मिली कार, पत्नी ने दर्ज कराई गुशुदगी...

# लापता ड्रायवर की तलाश में 2 दिनों से क्षिप्रा में सर्चिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के पास क्षिप्रा नदी के ब्रिज पर मिली कार के बाद ड्रायवर के क्षिप्रा में कूदने की आशंका को देखते हुए 2 दिनों से एसडीआरएफ की टीम सर्चिंग अभियान चला रही है। मंगलवार शाम तक ड्रायवर का कुछ पता नहीं चल पाया था।

तिलकेश्वर कालोनी में रहने वाले ऋषभ सोलंकी ने सोमवार तड़के जीवाजीगंज थाना पुलिस को बताया कि उनकी कार पर मोहननगर में रहने वाला अनिल सोलंकी ड्रायवरी करता है। रविवार को उसे कहा था कि परिवार को बाहर जाना है। कार घर आकर छोड़ जाना। लेकिन वह रविवार देर रात तक नहीं आया। उसे मोबाइल पर कॉल किया लेकिन रिसिव नहीं हो रहा था। कार में जीपीएस लगा हुआ था, जिसे ट्रेक किया गया तो लोकेशन क्षिप्रा नदी के ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज के पास मिली। जहां सोमवार तड़के 4 बजे पहुंचने पर सामने आया कि कार के चारों गेट खुले है, जिसमें अनिल का मोबाइल रखा हुआ है। चप्पल के साथ चांदी की चेन भी कार की सीट पर है। ऋषभ ने आशंका जताई कि अनिल ने क्षिप्रा में छलांग लगाई है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार सोमवार तड़के ही पुलिस टीम ब्रिज पर पहुंची। ऋषभ अपनी कार लेकर लौट गया।

वहीं अनिल की तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। सुबह 7 बजे एसडीआरएफ टीम के पांच सदस्य विनोद पांचाल, महेश कुशवाहा, गौरव पांचाल, विजेन्द्रसिंह और सुरेश सोलंकी ने मोटर बोट के साथ उपकरणों की मदद से अभियान शुरू किया। सोमवार देर शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन मंगलवार सुबह फिर से सर्चिंग के लिये एसडीआरएफ के जवान पहुंचे। लेकिन शाम को अंधेरा ढलने तक भी क्षिप्रा में ड्रायवर के डूबने की पुष्टि नहीं हो पाई। 2 दिनों की तलाश के बाद माना जाने लगा कि ड्रायवर अनिल गाड़ी छोड़कर कहीं चला गया है। फिर भी थाना प्रभारी कनोडिया के अनुसार जब तक कार चालक का पता नहीं चल जाता, उसकी क्षिप्रा में तलाश जारी रखी जायेगी।



### चिमनगंज में दर्ज कराई गई गुमशुदगी

अनिल के लापता होने और कार क्षिप्रा नदी के ब्रिज पर मिलने की खबर लगते ही इंदौर गई अनिल की पत्नी कोमल उज्जैन लौटी, उसने बताया कि परिवार से जानकारी मिली है। पति बिना बताये घर से निकला है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी ने परिवार को अनिल के लापता होने पर संबंधित थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने की बात कहीं। पत्नी ने चिमनगंज थाने पहुंचकर पति के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी कनोड़िया के अनुसार जिस स्थान पर कार मिली है, वह भी महाकाल थाने की सीमा में लगाता है।

### मिलने पर ही पता चल पायेगी घटना

क्षिप्रा नदी में 2 दिनों की सर्चिंग के बाद कहा जा रहा है कि अनिल के मिलने पर ही पता चल पायेगा कि घटना की वजह क्या है। परिजनों ने कर्ज और विवाद की बातों से भी इंकार कर दिया है। पुलिस कार में मिले मोबाइल से भी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है कि उसकी आखिरी बार किसे और कब बात हुई थी।

### मासूम भाई-बहन को सकुशल परिजनों से मिलवाया

**उज्जैन।** मंगलवार को बिरलाग्राम पुलिस को 5 साल की बालिका और 4 साल का बाल रोता-बिलखता दिखाई दिया। दोनों से बात करने का प्रयास किया लेकिन उनका रोना बंद नहीं हुआ। बमुश्किल बालिका ने स्कूल का नाम बताया, 2 घंटे में पुलिस ने दोनों को सकुशल परिजनों से मिलवा दिया।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि सुबह 11 बजे बालक-बालिका रोते हुए मिले थे। दोनों को थाने लाया गया, उन्हे सांत्वना दी गई, स्टॉफ चॉकलेट लाया। बमुश्किल बालिका ने अपना नाम शिवन्या और भाई का नाम सूरज बताया। वह माता-पिता का नाम नहीं बता पा रहे थे। बालिका ने सिर्फ इतना बताया कि वह डेलवास के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाते है। इसी आधार पर महिदपुर रोड थाना पुलिस से संपर्क कर डेलवास के चौकीदार का नम्बर प्राप्त किया गया। जिससे जानकारी लेने पर पता चला कि दोनों बच्चे गांव में रहने वाले लखनसिंह के है। लखन से संपर्क करने सामने आया कि दोनों बच्चे मां किरण के साथ रिश्तेदारी में बिरलाग्राम आये हुए है। रिश्तेदार की जानकारी लेकर उनसे संपर्क किया गया। दोनों बच्चों की मां और रिश्तेदार भी उन्हे तलाश कर रहे थे। जिन्हे थाने बुलाया गया और बच्चों को सकुशल सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा था कि बच्चे खेलते हुए घर से दूर निकल गये थे।

### मंगेतर से मिलकर उज्जैन लौट रहे होटलकर्मी की मौत

**उज्जैन।** तीन दिनों की छुट्टी लेकर मंगेतर से मिलने इंदौर गया होटलकर्मी मंगलवार को वापस उज्जैन लौट रहा था। रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उज्जैन आने पर उसे नानाखेड़ा निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

राजगढ़ का रहने वाला अभिषेक पिता योगेन्द्रसिंह सोलंकी 26 साल पिछले 2 सालों से इंदौररोड स्थित होटल मलय में मैनेजमेंट का काम संभाल रहा था। अभिषेक की सगाई हो चुकी थी। उसकी मंगेतर इंदौर पुलिस विभाग में पदस्थ है। जिससे मिलने के लिये होटल से 3 दिनों की छुट्टी लेकर अभिषेक इंदौर गया हुआ था। मंगलवार को वापस लौटते समय उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसने होटल मालिक को कॉल किया। मालिक ने उसे बस से नहीं आने की बात कहीं और केब करने को कहा। अभिषेक केब कर उज्जैन आ रहा था, लेकिन उसकी हालत ओर अधिक बिगड़ गई। उसे नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई गई कि हार्ट अटैक हुआ था। होटल मालिक और साथी कर्मचारी निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लेकर आये और परिजनों को सूचना दी। देर शाम परिजन उज्जैन पहुंचे। मंगेतर भी इंदौर से उज्जैन आ गई थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। भाई, मां और बहन शव राजगढ़ लेकर गये है।

# एक्सीडेंट में घायल की कैसे बचाये जान का लाइव डेमो

### ब्लैक स्पॉट पर पुलिस ने नागरिकों को किया जागरूक



**उज्जैन।** सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार शाम पुलिस ने ब्लैक स्पॉट पर एक्सीडेंट में घायल की जान बचाने का लाइव डेमो दिया। घायल को सीपीआर देने का प्रशिक्षण देते हुए राहवीर योजना की जानकारी देकर नागरिकों को जागरूक किया गया। देवासरोड स्थित नागझिरी क्षेत्र में सैफी चौराहा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है।

यहां शाम 6 बजे पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता, उपमहानिरीक्षक नवनीत भसीन और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। सभी ने एक्सीडेंट का लाइव डेमो देकर घायल की जान बचाने के लिये लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लाइव डेमो में एक कार को आता दिखा गया, वहीं रॉग साइड से बिना हेलमेट बाइक सवार को कार से टकराकर घायल होते बताया। एक्सीडेंट के बाद घायल की जान बचाने के लिये उसे सीपीआर कैसे दिया जाये। उसे अस्पताल तक कैसे पहुंचाये इसका प्रदर्शन भी किया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आम लोगों को राहवीर योजना की जानकारी से अवगत कराया। जिसमें घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने पर सम्मानित राशि 25 हजार से दिये जाने की जानकारी दी। ब्लैक स्पॉट पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा यातायात नियमों की कमियों को भी रेखांकित करते हुए बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, रॉग साइड नहीं आने ओर नियमों की अनदेखी नहीं करने की बात कही। करीब 200 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की।

# दंगल में विवाद के बाद यूट्युबर को मारे चाकू

### खंडवा से आया था बड़नगर, जांच में लगी पुलिस



**उज्जैन।** भगवती माता मंदिर बड़नगर के मेले में सोमवार देर शाम दंगल का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेशभर के पहलवान आये थे। रात में दंगल खत्म होने के बाद जीते पहलवान के यूट्युबर साथी को हारे पहलवान के साथियों ने विवाद कर चाकू मार दिये।

बताया जा रहा है कि बड़नगर में आयोजित दंगल के दौरान खंडवा से पहलवान राजेश प्रजापति आया था। उसके साथ खंडवा का रहने वाला यूट्युबर अल्ताफ पिता मजीद 36 साल भी खंडवा से आया हुआ था। राजेश का मुकाबला महू के पहलवान ललित कौशल के साथ हुआ। दोनों का मुकाबला होने पर अल्ताफ ने मोबाइल से वीडियो बनाये। दोनों पहलवानों के बीच मुकाबला खत्म होने पर यूट्युबर अल्ताफ के साथी पहलवान राजेश को विजेता घोषित किया गया। राजेश की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। इस दौरान हारे पहलवान ललित के साथियों का विवाद जीते पहलवान के साथी यूट्युबर अल्ताफ से हो गया। कहासुनी इतनी बड़ गई कि अल्ताफ पर चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू का गहरा घाव पीछे गुप्तांग के पास लगने पर वह लहूलुहान हो गया। उसे बड़नगर अस्पताल ले जाया गया। जहां से आधी रात उसे उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया। घायल ने बताया कि चाकू से हमला करने वाले देपालपुर के रहने वाले है। जिनके नाम अनुराग, श्रवण, रोहित और अन्य है। चाकू से हमला अनुराग ने किया है। मामले में बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार के अनुसार घायल को उज्जैन रैफर कर दिया गया था, जिसके चलते उसके बयान दर्ज करने के लिये एक टीम उज्जैन भेजी गई है। बयान होने पर मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल मामला जांच में है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. हीरालाल पिता श्री मोतीलाल जी विश्वकर्मा, 2. राधा पंवार पिता बाबुलाल पंवार, निवासी / कृषक- ग्राम रूदाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 106/2/1/1/2 रकबा 0.100 हेक्टर, सर्वे नम्बर 106/2/1/2 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे नम्बर 106/2/1/1/1 रकबा 0.700 हेक्टर, कुल कित्ता 03 कुल रकबा 1.100 हेक्टर भूमि, ग्राम रूदोहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।
इति: दिनांक-24/03/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**



जब तक हममें से प्रत्येक व्यक्ति मनोवैज्ञानिक सुरक्षा की खोज कर रहा है, तो जिस भौतिक, शारीरिक सुरक्षा की हमें आवश्यकता है, वह नष्ट होती रहेगी। हम मनोवैज्ञानिक सुरक्षा की तलाश कर रहे हैं, जिसका कोई अस्तित्व नहीं है। उसे हम सत्ता, पद, खिताब, नाम आदि के जरिये खोज रहे हैं और यह सब भौतिक सुरक्षा को नष्ट कर रहा है।

विश्व में शांति के लिए, सभी युद्धों को रोकने के लिए, व्यक्ति में, यानी आपमें और मुझमें एक क्रांति का होना जरूरी है। इस आंतरिक क्रांति के बिना आर्थिक क्रांति निरर्थक है, क्योंकि भूख आर्थिक परिस्थितियों की कुव्यवस्था का परिणाम है, जो हमारी मनोवैज्ञानिक स्थितियों, जैसे लोभ, ईर्ष्या, दुर्भावना और संग्रह-वृत्ति से जन्म लेती है। दुख, भूख और युद्ध के अंत के लिए एक मनोवैज्ञानिक क्रांति लानी होगी, लेकिन हममें से बहुत कम इस तथ्य का सामना करने के इच्छुक हैं। हम शांति पर बहस कर लेंगे, कानून की योजनाएं बना लेंगे, नए-नए संगठनों, संयुक्त राष्ट्र इत्यादि का गठन कर लेंगे, लेकिन हम शांति नहीं ला पाएंगे, क्योंकि हम अपने पद, अधिकार, धन; अपनी संपत्ति, मूढ़तापूर्ण जीवनशैली को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। शांति के लिए दूसरों पर निर्भर रहना निरर्थक है। दूसरे हमारे लिए शांति नहीं ला सकते। कोई नेता, कोई सरकार, कोई फौज, कोई राष्ट्र हमें शांति का दान नहीं देने वाला। शांति तो हमारे आंतरिक परिवर्तन से आएगी, जो बाह्य कर्म की ओर अग्रसर करेगी। आंतरिक परिवर्तन अलगाव नहीं है, वह बाह्य कर्म से मुंह फेर लेना नहीं है; उचित कर्म तभी संभव है, जब उचित विचार होगा और उचित विचार तब तक संभव नहीं, जब तक कि स्वबोध न हो। बिना अपने आप को जाने, शांति संभव ही नहीं है।

बाहरी युद्ध की समाप्ति के लिए आपको अपने भीतर के युद्ध को खत्म करना होगा। आपमें से कुछ सहमति में अपना सिर हिलाएंगे और कह देंगे कि मैं सहमत हूं, लेकिन कुछ समय बाद ही ठीक वही करते रहेंगे, जो आप पिछले दस या बीस वर्षों से करते आ रहे हैं। आपकी सहमति केवल शाब्दिक है और उसका कोई महत्व नहीं है, क्योंकि विश्व के कष्ट और युद्ध बस यूं ही सहमत हो जाने से समाप्त नहीं होने जा रहे। वे तभी समाप्त होंगे, जब आप इस खतरे को महसूस करेंगे, जब आप अपने दायित्व को समझेंगे, उसे किसी दूसरे के ऊपर न छोड़ेंगे। यदि आप इस दर्द को महसूस कर पाएं, यदि आप तत्काल कर्म की आवश्यकता को देख पाएं व उसे और टालें नहीं, तभी आप अपना आमूल परिवर्तन कर पाएंगे। शांति तभी संभव है, जब आप स्वयं शांत हों; जब आप अपने पड़ोसी के साथ खुद शांति से रह रहे हों।



सम्पादकीय

## देश को आश्वासन

युद्ध के चलते उपजे हालात के बीच देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आश्वासन जरूरी था। लोकसभा में प्रधानमंत्री के वक्तव्य की प्रतीक्षा हो रही थी। अब इस विश्वास को बल मिला है कि देश में तेल-गैस जनित संकट बेकाबू नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री ने जो तथ्य संसद में रखे हैं, उनकी रोशनी में हमें देखना और सोचना होगा। युद्ध वाकई खतरनाक है और इसका असर सभी पर पड़ रहा है। भारत में भी यह असर पड़ रहा है और अच्छी बात है कि यहां सरकार हालात से निपटने के लिए सजग है। प्रधानमंत्री ने आंकड़ों के साथ बताया है कि तेल, गैस और कोयले की देश में क्या स्थिति है और देश के पास कितना भंडार है। पहले भारत दुनिया के 27 देशों से कच्चा तेल, एलपीजी और पीएनजी खरीदता था, अब वह 41 देशों से खरीद रहा है। भारत की ईंधन जरूरत बहुत ज्यादा है और वह कुछ ही देशों पर निर्भर नहीं रह सकता। पूरे भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहने चाहिए।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन में दूसरा महत्वपूर्ण पहलू भारतीयों की सुरक्षा का है। युद्ध से देश को बचाने की रणनीति पुरानी और आजमाई हुई है। साथ ही, हर देश से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिशें जारी रहें, इसी में भलाई है। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा देश होगा, जहां भारतीय या भारतीय मूल के लोग नहीं रहते होंगे। ऐसे में, प्रधानमंत्री का यह आश्वासन मायने रखता है कि संघर्ष के समय भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। प्रभावित देशों या क्षेत्रों में भारतीय दूतावास नागरिकों को हरसंभव सहायता देने में जुटे हैं। तीन लाख से ज्यादा भारतीय इस युद्ध के बाद स्वदेश लौटे हैं। हालांकि, यह एक छोटी संख्या है। ध्यान रहे, खाड़ी देशों में 90 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं, मतलब, 87 लाख भारतीय अभी भी वहां डटे हुए हैं। उनकी सुरक्षा के प्रति सरकार को लगातार सजग रहना चाहिए। किसी भी तरह की घबराहट से बचना चाहिए। जहां बहुत जरूरी हो, वहीं से भारतीयों की वापसी होनी चाहिए। युद्ध के वक्त भारतीयों की दृढ़ता, अपने कर्म और कर्मक्षेत्र के प्रति वफादारी को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। एक चिंता बिजली आपूर्ति को लेकर भी जताई जा रही थी, तो प्रधानमंत्री ने आश्वस्त किया है कि कोयला भंडार पर्याप्त है और आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने किसानों को भी हर मदद का आश्वासन दिया है। उन्हें उद्योग जगत पर भी निगाह रखनी चाहिए, ताकि घबराहट में कहीं छंटनी का सिलसिला न चल पड़े। वैसे, सबसे महत्वपूर्ण है, कालाबाजारी करने वालों को दी गई चेतावनी।

### युद्ध विनाश का परिचायक

# निर्माणों के रथों को चाहिए शांतिपथ

इस वक़्त मानव समाज की प्रमुख चिंता, शांति की स्थापना के प्रयास होना चाहिए। युद्ध का अंतिम परिणाम विनाश और सिर्फ विनाश है। यह मानव जाति के अस्तित्व के लिए भी खतरा है। मानव जाति का कल्याण शांति में ही सम्भव है। निर्माण के रथ को दौड़ने के लिए शांति के पथ की आवश्यकता होती है। युद्ध निर्माण के रथो के मार्ग को अवरुद्ध करता है। यह कोरी कल्पना नहीं है, जमीनी हकीकत है। भारत के प्रख्यात कवि गोपालदास नीरज युद्ध से जुडी प्रसिद्ध कविता की अंतिम पंक्तियों में लिखते है -



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

'बढ़ चुका बहुत अब आगे रथ निमाणों का,
'बम्बो के दलबल से अवरुद्ध नही होगा,

मानव जाति वर्तमान में विकास के जिस सोपान पर आज खडी है। वहाँ युद्ध का विचार कितना असभ्य और बर्बरता लिए हुए है। प्रगति पथ पर बढ़ती दुनियाँ को युद्ध की विभीषिका में झोकने की सनक बेहद विनाशकारी और अमानवीय है।

इजरायल-अमेरिका, ईरान युद्ध जारी है। रूस-युक्रेन युद्ध तीन बरसों से चल रहा है। युद्ध महायुद्ध की शक्ल इख़्तियार करें, इससे पहले इसे रोकना होगा। जिस गति से दुनियाँ के देश आपस में लड़ रहे है। युद्ध का क्षेत्र बढ़ता जा रहा है, समय के साथ इसके और बढ़ने की संभावना है। हर दिन एक नया देश इस युद्ध की चपेट में आ रहा है। युद्ध के प्रभाव ने सारी दुनियाँ को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। जब दुनियाँ की महाशक्ति कहलाने वाले राष्ट्र युद्ध की विनाशकारी सोच के पक्षधर दिखाई दे रहे हो, दुनियाँ के शांति पसंद देशों ने खामोशी इख़्तियार कर रखी हो, तब इस युद्ध के महायुद्ध में बदल जाने की पूरी सम्भवना है। महायुद्ध का अर्थ होगा महाविनाश। घातक हथियारों के प्रयोग से दुनियाँ में तबाही मच जाएगी। यह हालात अल्बर्ट आइंस्टिन के कथनो को सच साबित करते है, उनके अनुसार - तीसरा विश्व युद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा यह पता नहीं, लेकिन चौथा विश्व युद्ध लाठी और पत्थरों से लड़ा जाएगा। अल्बर्ट आइंस्टिन के जहन में आया यह विचार दूसरे महायुद्ध से उपजी विभीषिका को देखने के बाद ही आया होगा। तीसरा महायुद्ध 1939 से शुरू होकर 1945 तक चला जिसमे 8 करोड़ के लगभग जाने गयी। मानव इतिहास के घातक संघर्षों में शुमार जिसमे न केवल सैनिक बल्कि आम नागरिक भी मारे गए। इस महायुद्ध का सबसे अधिक नुकसान सोवियत संघ को हुआ जहां 2.4 से 2.7 करोड़ लोग मारे गए। कुलमिलाकर 50 मिलियन नागरिक हताहत हुए। यूरोप और जापान के प्रमुख शहर खंडहर बन गए थे। वारसा, पोलैंड का अधिकांश हिस्सा नष्ट कर दिया गया। जर्मनी के 49 सबसे बड़े शहरों में 40 प्रतिशत घर नष्ट हो गए थे। इस दूसरे महायुद्ध में जापान के शहर हीरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिकी परमाणु बम के हमले में 2 लाख से अधिक आमजन मारे गए थे।

दूसरा महायुद्ध मानव जाति के लिए विनाश और बबार्दी का कारण बना था। जिसमे मानव जाति का भारी नुकसान हुआ था। जन, धन और मानव निर्मित विकास को बहुत नुकसान पहुंचा। दूसरे महायुद्ध के प्रकाश में तीसरे महायुद्ध की परिकल्पना से मन सिंहर उठता है। अब सवाल उठता है, कौन है जो दुनियाँ को महायुद्ध की और धकेल रहा है? प्रश्न यह भी है की इस अवस्था में कौन है जो दुनियाँ में शांति स्थापना के प्रयास करेगा? इन दोनों प्रश्नों के जवाब वर्तमान के हालातों से ढूढ़ना होंगे। युद्ध महाशक्तियों के अंहकार से जन्मी हिंसा है। जिसके पीछे दुनियाँ के संसाधनों पर एकाधिकार की भावना कार्य करती है। रूस और अमेरिका इसी अंहकार से पीड़ित है। पुतिन ने रूस-युक्रेन युद्ध का आरम्भ किया तो ट्रम्प की सनक ने इजरायल ईरान के युद्ध की इबारत को लिखा जिसकी गिरफ्त में तेजी से दुनियाँ के दूसरे देश आ रहे है, युद्ध पूरी दुनियाँ को प्रभावित कर रहा है। अब जबकि 20 से अधिक दिन हो गए है युद्ध बढ़ता जा रहा है। इस बिच सयुंक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों पक्षो से शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और संयम बरतने का आह्वान किया। इस प्रकार के प्रयासों में और तेजी लाना अनिवार्य है। इस विषय में युद्धरत देशों की जनता की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश युद्ध शासक की सनक का नतीजा होते है, जनता की युद्ध के निर्णय में प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं होती है। सभ्य और शिक्षित और आधुनिक विश्व में आमजनता युद्ध की पक्षधर नहीं है। किंतु जनता की खामोशी को शासक वर्ग सहमति समझने की भूल करते है। अतएव युद्ध विराम के लिए युद्धरत देशों की जनता को प्रभावी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इस संबंध में अमेरिकी जनता को ट्रम्प की युद्धनीति का विरोध करना चाहिए। शांति में प्रमुख भूमिका भारत भी निभा सकता है। भारत का विचार ही सदैव विश्व शांति का रहा है। विश्व का कल्याण हो की आदर्श भावना या सर्वे भवन्तु सुखिनम सर्वे संतु निरामया की प्रार्थना और वसूदैव कुटुंमकम की सनातनी भावना पूरी पृथ्वी को एक परिवार मानने का आदर्श भाव जो वैदो और उपनिषधो की भावना से प्रेरित है। याने भारत विश्व शांति की स्थापना में अपनी महती भूमिका निभा सकता है। दुनियाँ के लोग भारत की तरफ शांति स्थापना के प्रयासों की आस लगाए बैठे है। भारत की जनता भी चाहती है की विश्व में शांति बनी रहे। युद्ध महायुद्ध की शक्ल इख़्तियार न कर पाए। शांति स्थापना के प्रयास दुनियाँ में भारत के महत्व को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भारत की विश्व बंधुता वाली सोच दुनियाँ के नागरिकों को आकर्षित करेगी।

अब जबकि दुनियाँ के सामने महायुद्ध का संकट मुंह बाए खड़ा है। भारत को किसी एक पक्ष की तरफ खड़ा होने की बजाए निर्भीकता से युद्ध विराम की बात कहनी होंगी। शांति के सार्थक प्रयासों में जो देश वर्तमान परिस्थितियों में अपनी सार्थक भूमिका निभाएगा विश्व पटल पर उस देश का न सिर्फ सम्मान बढ़ेगा, उस देश को वैश्विक नैतृत्व का सुनहरा अवसर भी मिलेगा। भारत अपने विचार और नीति से शांति पसंद रहा है। विश्व को एक देश समझने की हमारी भावना भी रही है। भारत के पास दुनियाँ में अपनी उपयोगिता साबित करते हुए शांति पसंद मुल्को के नैतृत्व करने का सुनहरा अवसर है। दुनियाँ के अधिकांश देश और वहां की जनता शांति पसंद है। शांति के प्रयासों को व्यापक सराहना मिलेगी।

## दरवाजा खुला है

शहर के उस आखिरी छोर पर, जहाँ कंक्रीट के जंगल की सांसें फूलने लगती हैं, वह 'शांति विला' खड़ा था। विला का नाम 'शांति' शायद इसलिए रखा गया था क्योंकि यहाँ का सन्नाटा कब्रिस्तानों को मात देता था। लोहे के विशाल फाटक पर जंग की ऐसी परतें थीं, जैसे वक्त ने खुद उसे छूना छोड़ दिया हो।

अनिरुद्ध ने अपनी महँगी चमड़े की जैकेट को झाड़ा। छह साल बाद ऑस्ट्रेलिया की चकाचौंध से वह इस धूल भरे सन्नाटे में लौटा था। टैक्सी ड्राइवर ने सामान उतारते हुए अजीब नजरों से उसे देखा।

साहब, इस घर में कोई रहता है क्या? बड़ी भारी महक आ रही है बाहर तक।

अनिरुद्ध ने नाक सिकोड़ी। मेरी माँ रहती हैं। बूढ़ी हैं, शायद सफाई नहीं करवा पातीं। तुम अपना किराया लो और निकलो।

उसने जैसे ही धक्का दिया, दरवाजा बिना किसी आवाज के खुल गया। वह बंद नहीं था। उसे लगा था कि अंदर से मां की आवाज आएगी- अरे अनु! तू आ गया? पर अंदर से सिर्फ एक गाढ़ा, चिपचिपा अंधेरा बाहर आया। वह अंधेरा जो छह महीनों से इस विला की दीवारों के बीच पक रहा था।

ड्राइंग रूम की धूल पर उसके जूतों के निशान ऐसे बन रहे थे जैसे किसी पवित्र ग्रंथ पर कोई गाली लिख दी गई हो। उसने लाइट का स्विच दबाया, पर बिजली शायद बिल न भरने के कारण कट चुकी थी। अनिरुद्ध ने अपने आईफोन की फ्लैशलाइट जलाई। रोशनी की किरण उस सोफे पर पड़ी, जहाँ एक आकृति पसरी हुई थी। माँ? सो रही हो क्या? देखो, मैं सिडनी से सीधे आ रहा हूँ। बहुत थक गया हूँ, एक कप चाय तो पिला दो।

बहुत दिनों बाद कमरे में कोई स्वर गूँज रहा था। सोफे पर जो था, वह अब माँ नहीं थी। वह हड्डियों का एक ढांचा था, जिस पर चमड़ी का बचा-कुचा भूरा लिबास लिपटा था। प्रकृति ने अपना काम बखूबी किया था- कीड़े अपना हिस्सा ले चुके थे, अब केवल अवशेष बचे थे। अनिरुद्ध की चीख गले में ही सूख गई। उसे लगा कि यह कोई प्रैंक है, पर वह गंध? वह गंध किसी मजाक की नहीं, बल्कि एक अंतिम सत्य की थी। मेज पर एक कागज का टुकड़ा पड़ा था। धूल की परतों के नीचे दबे उस कागज पर कोई वसीयत नहीं थी, न ही गहनों का हिसाब। उस पर सिर्फ एक ही वाक्य हजारों बार लिखा गया था, जैसे कोई पागल मंत्र जपा गया हो- बेटा, दरवाजा खुला है, तू बस आ जाना।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 मार्च 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:30 सूर्यास्त 18:36
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - सप्तमी 13:49 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - मृगशिरा 17:33 उपरांत आर्द्रा
योग - सौभाग्य 03:09 उपरांत शोभन
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 05 तारिख

**मेष-** सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मिथुन-** सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी।

**कर्क-** प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है।

**सिंह-** शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कन्या-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है।

**तुला-** शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**वृश्चिक-** व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**धनु-** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

**मकर-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी।

**कुंभ-** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मीन-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## ईमानदारी का रास्ता या शॉर्टकट का लालच

आज के समय में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन और संवाद का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह व्यापार और आय के अवसरों का भी एक बड़ा मंच बन गया है। अनेक लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं और मेहनत, पारदर्शिता तथा ईमानदारी के बल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

हालांकि इसके साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कई संदेश और विज्ञापन भी दिखाई देते हैं जिनमें कम समय में अधिक कमाई, आसान निवेश या घर बैठे बड़ी आय के अवसरों का आकर्षक उल्लेख किया जाता है। ऐसे प्रस्ताव देखने में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन बिना पर्याप्त जानकारी और समझ के किसी भी योजना में कदम बढ़ाना कई बार जोखिम भरा भी साबित हो सकता है। सोशल मीडिया के माध्यम से काम करने वाले अनुभवी लोग इस क्षेत्र की कार्यप्रणाली और संभावित जोखिमों को समझते हैं। वे जानते हैं कि किसी भी काम में स्थायी सफलता मेहनत, धैर्य और भरोसे से ही मिलती है। इसलिए वे शॉर्टकट के बजाय ईमानदारी और निरंतर प्रयास के रास्ते को ही प्राथमिकता देते हैं।

इसके विपरीत कई लोग जल्द लाभ की उम्मीद में बिना पूरी जानकारी के निर्णय ले लेते हैं। ऐसे में कभी-कभी उनकी मेहनत से कमाई गई जमा पूंजी भी प्रभावित हो सकती है और इसका असर परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी प्रस्ताव या निवेश से पहले उसकी विश्वसनीयता, शर्तों और संभावित जोखिमों को समझ लिया जाए। डिजिटल युग में अवसरों की कमी नहीं है, लेकिन हर अवसर को समझदारी और सावधानी के साथ परखना भी उतना ही आवश्यक है। सोच-समझकर लिया गया निर्णय न केवल व्यक्ति की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि भविष्य को भी स्थिर बनाता है। अंततः यह कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया की तेज रफ्तार दुनिया में भी सफलता का स्थायी रास्ता वही है जो हमेशा से रहा है-ईमानदारी, मेहनत और धैर्य। शॉर्टकट का आकर्षण क्षणिक हो सकता है, लेकिन विश्वास और सम्मान हमेशा ईमानदारी के मार्ग पर चलने वालों को ही प्राप्त होता है।

## माता शेरोंवाली

हे श्रीजगदंबा ! सुख संपत्ति का मुझको वर दे,
जीवन में मेरे तेरा अनंत ह्लआनंदह्ल अमृत माँ भर दे,
मेरे सारे विकारों को हर जीवन को सरस कर दे,
कंठ में मेरे हो तेरी मधुरता ऐसे मधुरिम शब्द दे ।
भाव मेरे भीतर तू परोपकार, विनम्रता, क्षमा का दे,
ज्ञान का प्रकाश, अंतःकरण की परम पवित्रता दें,
संचित कर्मों का भार हटा भगवती मुझे हल्का कर दे,
एकबार तेरा दर्श दिखा मेरा अधूरा सपना पूरा कर दे ।
मैंने बचपन से तेरा ही सदा दातिए गुणगान सुना,
तू भर्ती है सबकी झोलियाँ दिन दूनी रात चौगुना,
बड़ी दयालु हैं माता शेरोंवाली, अंबे जगपालिका,
अष्टभुजी, शारदा, भवानी, चामुंडा, माँ कालिका ।
मुस्कुराती हूई एक तेरी छवि अपने मन में बसाई,
मेरी अंखियों बीच मातारानी बस तू ही तू है समाई,
मुझको भी ऐसे बसा लो अपने मन में ओ महामाई,
पावन चरणों में चाहती हूँ जगह इच्छा मन में बसाई ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# आरोपी की स्तुति : महिला सुरक्षा संस्थाओं का पतन

महाराष्ट्र महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष रूपाली चाकणकर द्वारा एक बलात्कार आरोपी ज्योतिषी अशोक खरात उर्फ कैप्टन के पैर धोने का दृश्य सोशल मीडिया पर फैलते ही पूरे देश में हंगामा मच गया। यह घटना केवल एक व्यक्तिगत चूक नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर बने संस्थानों की आंतरिक कमजोरी का प्रतीक है। एक ऐसे व्यक्ति के चरणों में नतमस्तक होना, जिस पर 58 महिलाओं के यौन शोषण, गुप्त कैमरे लगाने और नशीले पदार्थों के माध्यम से अंधविश्वास का लाभ उठाने के आरोप हैं, नारीवाद के सिद्धांतों पर गहरा आघात है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर चाकणकर ने 20 मार्च 2026 को इस्तीफा दे दिया, लेकिन प्रश्न बना हुआ है-क्या यह राजनीतिक नियुक्ति प्रणाली का परिणाम है?



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संदर्भ में महिला आयोग राज्य स्तरीय संस्थाएँ हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 15 और 39 के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए स्थापित की गई हैं। लेकिन जब इन संस्थाओं का प्रमुख स्वयं एक आरोपी के प्रति श्रद्धा दिखाए, तो पीड़ित महिलाओं का विश्वास कैसे बनेगा? नासिक पुलिस ने खरात के फार्महाउस से 58 आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए, जो यह सिद्ध करते हैं कि अंधविश्वास कितना खतरनाक हो सकता है। यह घटना हमें सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी स्तर पर गंभीर चिंतन के लिए बाध्य करती है।

अशोक खरात कोई साधारण ज्योतिषी नहीं था। वह ह्यकैप्टनह्ल के नाम से जाना जाता था, जो नेताओं से लेकर आम महिलाओं तक को अपनी कथित पूजा-पाठ और हस्तरेखा देखने के बहाने फंसाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने फार्महाउस पर गुप्त कैमरे लगाए थे, महिलाओं को नशीला पदार्थ पिलाया और उनका शोषण किया। पेन ड्राइव में 58 वीडियो मिले, जो उसके अपराधों के ठोस प्रमाण हैं। नासिक के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खरात की संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपये की है, जो शोषण के माध्यम से अर्जित की गई है।


भारत में अंधविश्वास का यह बाजार नया नहीं है। तंत्र-मंत्र, ज्योतिष और तथाकथित बाबाओं का प्रभाव ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अंधविश्वास से जुड़े अपराधों में 15 प्रतिशत वृद्धि हुई है। खरात ने कई नेताओं के हाथ देखे, जिनमें रूपाली चाकणकर भी शामिल थीं। एक वीडियो में वे यह कहते हुए दिखाई देती हैं कि आप जैसे महापुरुष दुर्लभ हैं। यह श्रद्धा किस प्रकार अपराधी को संरक्षण देती है, यह गंभीर विचार का विषय है। राजनीतिक प्रभाव के कारण आरोपी को छूट मिली, जो व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है।

रूपाली चाकणकर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं, जिन्हें महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया, परंतु विशेष जांच दल की जांच जारी है। क्या वे आरोपी की सहयोगी थीं? विपक्ष ने उन्हें सह-आरोपी बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने तत्काल इस्तीफे का निर्देश दिया, जो सराहनीय कदम है। यह घटना राजनीतिक नियुक्ति प्रणाली की समस्या को उजागर करती है, जहाँ योग्यता की बजाय वफादारी को प्राथमिकता दी जाती है। महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन वास्तविकता अलग है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत महिलाएँ घरेलू हिंसा का सामना करती हैं, लेकिन आयोगों तक पहुँचने वाली शिकायतें 5 प्रतिशत से भी कम हैं।

धर्म-आस्था

# सिंह या बाघ-मां दुर्गा की सवारी में निहित आस्था, परंपरा और शास्त्र का गूढ़ संदेश

नवरात्रि के पावन पर्व में जब पूरे देश में मां दुर्गा की आराधना होती है, तब एक प्रश्न अक्सर जनमानस के मन में उठता है-मां दुर्गा की सवारी सिंह है या बाघ? यह प्रश्न केवल जिज्ञासा भर नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक मान्यताओं, शास्त्रों और विविध सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा एक गहन विषय है। वास्तव में, मां दुर्गा के स्वरूप जितने विविध हैं, उनकी सवारी के रूप भी उतने ही व्यापक और प्रतीकात्मक हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार मां दुर्गा की मूल सवारी सिंह मानी गई है। मार्कंडेय पुराण में वर्णित दुर्गा सप्तशती के प्रसंग में जब देवी ने महिषासुर का वध किया, तब वे सिंह पर आरूढ़ थीं। सिंह को शक्ति, साहस, पराक्रम और राजसत्ता का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि देवी को ह्लसिंहवाहिनीह्ल कहा गया और लोकभाषा में यह रूप ह्लशेरावाली माताह्ल के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां यह समझना आवश्यक है कि सिंह और शेर मूलतः एक ही अर्थ के भिन्न रूप हैं, जो भाषा के अनुसार बदलते रहे हैं।

दूसरी ओर, देश के कई क्षेत्रों, विशेषकर पूर्वी और दक्षिणी भारत में देवी को बाघ पर सवार दिखाया जाता है। यह कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का प्रभाव है। जिन क्षेत्रों में बाघ प्रमुख रूप से पाए जाते थे, वहां के लोगों ने उसी पशु को देवी की सवारी के रूप में स्वीकार किया। बाघ भी उतना ही शक्तिशाली, निर्भीक और प्रभावशाली माना जाता है जितना सिंह। इस प्रकार, दोनों ही रूप देवी की शक्ति के प्रतीक हैं। मां दुर्गा को शेरावाली कहे जाने के पीछे एक अत्यंत रोचक पौराणिक कथा भी प्रचलित है। कहा जाता है कि जब माता पार्वती कठोर तपस्या कर रही थीं, तब एक भूखा सिंह उन्हें अपना आहार बनाने के उद्देश्य से वहां पहुंचा। किंतु माता के समीप आते ही वह शांत होकर बैठ गया और उनकी तपस्या समाप्त होने की प्रतीक्षा करने लगा। वर्षों तक वह सिंह बिना हिले-डुले, भूखा-प्यासा वहीं बैठा रहा। जब माता पार्वती की तपस्या पूर्ण हुई, तो उन्होंने उस सिंह की धैर्यपूर्ण साधना को देखकर उसे अपना वाहन बना लिया। इस प्रकार सिंह न केवल शक्ति, बल्कि समर्पण और धैर्य का भी प्रतीक बन गया।

एक अन्य पौराणिक प्रसंग में यह उल्लेख मिलता है कि देवताओं और असुरों के युद्ध के समय, माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय ने एक असुर का वध किया। उस असुर ने अंतिम समय में क्षमा याचना की, जिससे प्रसन्न होकर उसे सिंह का रूप देकर माता की सेवा में नियुक्त किया गया। यह कथा भी इस बात को पुष्ट करती है कि सिंह केवल एक पशु नहीं, बल्कि देवी की शक्ति का अभिन्न अंग है।

मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में उनके वाहन भी भिन्न-भिन्न बताए गए हैं। नवरात्रि में पूजित नवदुर्गा के रूपों में कहीं सिंह, कहीं बाघ, तो कहीं वृषभ, गधा अथवा अन्य वाहन का उल्लेख मिलता है। यह विविधता इस तथ्य को दशार्ती है कि देवी किसी एक रूप में सीमित नहीं हैं, बल्कि वे संपूर्ण सृष्टि की शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनके प्रत्येक स्वरूप का अपना एक विशेष संदेश और महत्व है।

इतिहासकारों और विद्वानों का मानना है कि प्राचीन भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सिंह और बाघ दोनों ही पाए जाते थे। इस कारण अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों ने अपने परिवेश के अनुसार देवी की सवारी का स्वरूप निर्धारित किया। समय के साथ ये सभी रूप प्रचलित हो गए और आज भी समान रूप से स्वीकार किए जाते हैं। यह भारतीय संस्कृति की उदारता और समावेशी दृष्टिकोण का प्रतीक है, जहां विविधता को विरोध नहीं, बल्कि विशेषता माना जाता है।

वास्तव में, मां दुर्गा की सवारी को लेकर कोई विरोधाभास नहीं है। सिंह और बाघ दोनों ही उनकी असीम शक्ति, साहस और रक्षक स्वरूप के प्रतीक हैं। ये हमें यह संदेश देते हैं कि जीवन में कठिनाइयों का सामना निर्भीक होकर करना चाहिए और अपने भीतर की शक्ति को पहचानना चाहिए। देवी का वाहन केवल एक दृश्य प्रतीक नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक संकेत है, जो मनुष्य को आत्मबल और विश्वास प्रदान करता है। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, मां दुर्गा की यह शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना - 6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,45,500, रवा- 1,44,500 चांदी- टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## मेले में दंगल के बाद विवाद:पहलवान के साथी पर चाकू से हमला, उज्जैन में भर्ती

**बड़नगर।** भगवती माता मंदिर मेले में दंगल के बाद हुए विवाद में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया गया। घायल अल्ताफ को उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बड़नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेले में कुश्ती प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद पहलवानों के बीच जीत-हार को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 2 बजे हुई इस घटना में खंडवा निवासी 36 वर्षीय अल्ताफ घायल हुए हैं। अल्ताफ एक यूट्यूबर हैं। वह राजेश प्रजापत के साथ दंगल में शामिल होने बड़नगर आए थे और मुकाबले के दौरान वीडियो बना रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दंगल खत्म होने के बाद महू के पहलवान ललित कौशल और उसके साथियों से अल्ताफ का विवाद हुआ। इसके बाद आरोपियों ने अल्ताफ पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत उज्जैन के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अल्ताफ ने आरोप लगाया है कि इस विवाद में अनुराग, श्रवण, रोहित और अर्जुन सहित कुछ अन्य लोग भी शामिल थे। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



**आओ बनाएं संस्कारवान पीढी: डॉक्टर मिश्रा**

## नौ दिवसीय यज्ञ-हवन के कार्यक्रम के पांचवें दिन पुंसवन संस्कार का आयोजन



**सारंगपुर।** नवरात्रि के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ सारंगपुर पर चल रहे नौ दिवसीय यज्ञ-हवन के कार्यक्रम के पांचवें दिन आज पुंसवन संस्कार का आयोजन किया गया। कल्पना-सुमित रावतीया, आशा-कुशल शर्मा, पूजा-अजय सोनी तथा पायल-अभिनंदन पाटीदार के गर्भस्थ शिशुओं का पुंसवन संस्कार किया गया। गायत्री परिवार चाहता है कि हिंदू समाज की आने वाली पीढी संस्कारवान हो। सनातन हिंदू धर्म में 16 संस्कारों का विशेष महत्व है। गर्भ ठहर जाने पर भावी माता के आहार, विचार , व्यवहार, चिंतन, भाव सभी को उत्तम और संतुलित बनाने के लिए अनुकूल वातावरण की आवश्यकता होती है। गर्भ के 3 माह में गर्भस्थ शिशु के विचार तंत्र का विकास प्रारंभ हो जाता है। गर्भ से अवतरित होने वाले जीव के पहले के कुसंस्कारों के निवारण और नए श्रेष्ठ संस्कारों की स्थापना के लिए संकल्प, पुरुषार्थ एवं देव अनुग्रह, शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास के लिए प्रयास शुरू किए जाते हैं। गर्भिणी माता, अभिभावकों, परिजनों को वेद मंत्रों का यज्ञीय वातावरण और धार्मिक सूत्र प्रदान करने हेतु ये संस्कार कराया जाता है। इसके लिए वट वृक्ष की जटाओं, गिलोय और पीपल की कोपले लेकर पानी के थोडे अंश के साथ मिलाकर सिल पर पीसकर औषधि तैयार की जाती है। गायत्री परिवार हरिद्वार से दीक्षित वयोवृद्ध आचार्य डॉक्टर कीर्ति कुमार मिश्रा ने बताया कि वटवृक्ष विशालता और दृढता का प्रतीक है।

**आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'विद्यारंभ' उत्सव**

## 10 अंकों की यूनिक आईडी के साथ बच्चों को मिले प्रमाण पत्र



बड़नगर। **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय मध्य प्रदेश एवं** विभाग के स्थानीय निदेशों के अनुपालन में मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 में 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नन्हे बच्चों को औपचारिक शिक्षा की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर अगली कक्षा में प्रवेश की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता रेखा राठौड़ ने उद्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की शिक्षा की पहली सीढ़ी हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शासन द्वारा प्रदत्त 10 अंकों की विशिष्ट (यूनिक) आईडी के साथ बच्चों को प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर बच्चों को कुमकुम-चंदन का तिलक लगाया, माला पहनाई और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा शुक्ला, दिपेनती गोसर, ममता चौहान एवं युक्ति जोशी की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में सहायिका रोशनी बैरागी, लक्ष्मी मालवीय, ममता राठौर एवं मधु भाटी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले बच्चों में निष्ठी राठौड़, युक्ति, रुद्रांश, डिवीजा, पार्थवी, दक्षेक्ष, भूमिका एवं आर्यश्री शामिल रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी शादी के पर्व मेरा नाम प्रियंका विनोद खंडेलवाल था। जो कि अब शादी के पश्चात प्रियंका झालानी पत्नि रोमिल झालानी हो गया है। अतः अब भविष्य में बैंक, सरकारी, गैर सरकारी रिकार्ड में मेरे नए नाम **प्रियंका झालानी** से ही जाना व पहचाना जाए।

**प्रियंका झालानी**

देवास में कांग्रेस का निगम पर प्रदर्शन

# भ्रष्टाचार, दूषित जल और बढ़े हुए शुल्क के विरोध में नारेबाजी, गंदा पानी चढ़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में मंगलवार को जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, पीने के पानी में सीवरेज का गंदा पानी आने और जलकर, संपत्ति कर और कचरा शुल्क में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने रैली निकालकर महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

स्थानीय सयाजीद्वार से शुरू हुई यह रैली एमजी रोड होते हुए नगर निगम पहुंची। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन भी गाया और महापौर के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद, कांग्रेसियों ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। वे अपने साथ कलश में भरकर गंदा पानी लाए थे, जिसे नगर निगम के मुख्य गेट के सामने सीढ़ियों पर अर्पित किया गया।

प्रशासन ने निगम के मुख्य द्वार पर बैरिकेड्स लगाए थे, जिन्हें प्रदर्शनकारियों ने हटाने का प्रयास किया। कुछ बैरिकेड्स गिराए भी गए, लेकिन वे निगम में प्रवेश नहीं कर पाए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए अपनी विभिन्न मांगें रखीं।

उनकी प्रमुख मांगों में शहर में नलों से आ रहे प्रदूषित जल की समस्या का तत्काल समाधान शामिल था। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि इससे बड़ी महामारी फैलने की संभावना है और पूर्व में इंदौर के भागीरथपुरा में हुई जल त्रासदी का हवाला दिया।

कांग्रेस ने यह भी मांग की कि खाली प्लाटों से नगर निगम द्वारा लिया जाने वाला कचरा शुल्क समाप्त किया जाए। इसके अतिरिक्त, नगर निगम द्वारा एक वर्ष पुरानी तारीखों से सीवरेज शुल्क की वसूली के लिए जारी किए गए सूचना पत्र को तुरंत वापस लिया जाए।

एक अन्य मांग में एमजी रोड के डीम प्रोजेक्ट का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस ने कहा कि महापौर और नगर निगम द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिए लगभग चार माह पहले तोड़फोड़ की गई थी, जिससे व्यापारी परेशान हैं और उनका व्यापार चौपट हो गया है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम तुरंत इसका लेआउट प्लान जनता के बीच जारी करे और निर्माण कार्य को गति प्रदान करे।



## विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत का संकल्प

**बड़नगर।** स्थानीय सिविल हॉस्पिटल में विश्व क्षय (टीबी) दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने टीबी के उन्मूलन और जन जागरूकता पर जोर दिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. गुलाम नबी ने जनता से भारत को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि ₹टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि समय पर इसकी पहचान कर उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि दवाइयों के साथ-साथ मरीज का पोषण आहार रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, एसटीएस जगदीश अजमेरी ने भारत को टीबी मुक्त बनाने की सरकारी अवधारणा और प्रयासों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पल्लवी सोलंकी, डॉ. वंदना डावर, डॉ. जयती भंडारी, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, बीई दिनेश कुमार पंचोली, टीबीएचवी किरण वर्मा, जगदीश परमार और विजय कटारिया उपस्थित थे।

भाजपा नगर मंडल गुना का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

## कार्यकर्ताओं को दी संगठन व नीति की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गुना द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत कार्यकताओं के पंजीयन से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्‌घाटन सत्र राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ, जिसके बाद स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान कुल आठ सत्र आयोजित किए गए।

द्वितीय दिवस के पांचवें सत्र की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कॉफी बोर्ड के सदस्य मनोज दुबे उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कार्यकताओं को पार्टी की रीति-नीतियों, विचारधारा एवं संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की शुरूआत जनसंघ के रूप में हुई थी और आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह सब पूर्व नेताओं के त्याग और तपस्या का परिणाम है।

वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार इसी विचारधारा पर चलते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र को भी रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में आईटी, बूथ मैनेजमेंट, संगठन विस्तार और कार्यकर्ता निर्माण जैसे विषयों पर भी विशेष मार्गदर्शन प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों सहित अन्य वक्ताओं द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, नगर मंडल महामंत्री नीरज जैन, हरीश उर्रिया, मंडल उपाध्यक्ष शिवम दुबे, शैंकी, अर्पित शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापति, मंडल मंत्री अभय शर्मा, शैलेश कुशवाहा, लक्की खटिक, रवि राठौर, मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मां जालपा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि का पर्व श्रद्धा, विश्वास के साथ मनाया जा रहा

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा- राजगढ़



राजगढ़ जिला मुख्यालय से महज दो-तीन किलोमीटर दूर ऊंची पहाड़ी पर विराजित जागृत एवं दर्शनीय स्थल मां जालपा देवी मंदिर धाम पर चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व श्रद्धा विश्वास और धर्म भावना के साथ मनाया जा रहा नवरात्रि के पंचम दिवस पर मां जालपा मातारानी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही। ऊंची पहाड़ी पर विराजमान माँ जलपा का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और वीरता पूर्ण है माँ जालपा रानी सिंह पर आरुड़ होकर अष्ट भुजाओ में अस्त्र-शस्त धारण कर दुष्टों का विनाश और भक्तों की रक्षा करती हैं माता की आराधना से भय, नकारात्मक शक्तियों का विनाश होता है तथा साहस शक्ति और आत्मबल की प्राप्ति होती है उनके पूजन से जीवन में सुख समृद्धि एवं सुरक्षा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। चैत्र नवरात्रि में पंडित जी के मार्गदर्शन में माँ जालपा देवी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई जा रही ब्यावरा शहर के विश्वनाथ कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर की महिला भजन मंडली के द्वारा माँ जालपा धाम पर ढोल मंजीरो के साथ माता के सुंदर भजन कीर्तन गाए जा रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के चलते मां जालपा मैया के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतार लगी हुई है स्थानीय प्रशासन के अनुसार हजारों भक्तगण प्रतिदिन मातारानी के दर्शन करने हेतु पहुंच रहे हैं दूर दराज के इलाकों से लोग परिवार सहित माता के दरबार में पहुंच रहे भक्तगण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं पहाड़ों पर विराजमान माँ जालपा के मंदिर को फूलों से सजाया गया है श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम किए हैं वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन सतर्क है। सीनियर सिटीजन भी माता रानी के दर्शन करने ऊंची पहाड़ी पर पहुंच रहे हैं जब उनसे पूछा गया कि आपको इतनी ऊंचाई पर चढ़ने में कोई परेशानी तो नहीं आई उन्होंने कहा कि माता रानी का आशीर्वाद से जो शक्ति मिली उस से हर प्राणी बड़ी ही सहजता से माता रानी के दरबार में पहुंच रहा हैं अष्टमी और नवमी पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना के चलते भीड़ और बढ़ सकती है।

## झगड़े की राशि मांगने व धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात ब्यावरा उप निरीक्षक प्रवीण जाट के नेतृत्व में पुलिस ने झगड़े की राशि मांगने व धमकी देने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा फरियादी धीरज सिंह पिता छगनलाल मेहर निवासी ग्राम बंजारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी हरिओम मेहर निवासी संवासी द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते फरियादी से झगड़े के नाम पर 10 लाख रु की राशी की मांग की जा रही थी। राशि न देने पर आरोपी ने फरियादी की छोटी पुत्री को उठाने तथा गांव में आग लगाकर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देहात ब्यावरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण विष्णु परमार, महेश परमार, पिता गिरधारीलाल जी जाति नाई निवासी गोतमपुरा रोड चम्बल तह. देपालपुर जिला इन्दौर म.प्र. द्वारा ग्राम लिम्बास तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे नं. 126/2 रकबा 0.35हे. कुल किता 01 कुल रकबा 0.35हे भूमि मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त सर्वे नं. वाली भूमि को सुरेशसिंह पिता रतनसिंह जाति राजपुत से क्रय कर ली है एंव आगामी 07 दिवस पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पत्र भूमि स्वामी से सम्पादीत करवाना हैं। उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि किसी बैंक शासकीय एंव अर्धशासकीय संस्था अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा कोई भी अनुबंध अथवा लेन देन की गई हो या कोई सौदा ऋण आदि बकाया हो तो उसकी सूचना क्रेता को सूचित करे। 07 सात दिवस के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में यदि कोई आपत्ति आती है तो उसे स्वीकार नहीं की जावेगी उक्त आपत्ति अवैध मानी जावेगी इस संबंध में यह जाहिर सूचना सर्व साधारण को सूचित हो। दिनाक 24/03/2026

**धर्मराज दुबे एडवोकेट**
**कोर्टपरिसर बडनगर मो.नं. 9009249239**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा श्रीमान मुकेश पिता कन्हैयालालजी, जाति माली, निवासी- बालकृष्ण बापूजी मार्ग बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. ने धर्मेन्द्र पिता रामबक्क्ष एवं रामकन्याबाई पति स्वं. रामबक्क्ष के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूर्मि सर्वे नं. 283/4/2 रकबा 0.63 हैक्टर तथा भेरूलाल पिता रामबक्क्ष के स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि सर्वे नं. 283/4/1/1/1 रकबा 0.18 हेक्टर एवं चैतनसिंह पिता कन्हैयासिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि सर्वे नं. 283/4/1/1/2 रकबा 0.20 हेक्टर निवासी ग्राम जस्साखेड़ी तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. के मालिकी, कब्जे, हिस्से व आधिपत्य की ग्राम जस्साखेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मे स्थित उक्त वर्णित कृषि भूमि भारमुक्त स्थिति मे क्रय करने का सौदा समक्ष गवाहो के तय कर लिया होकर मेरे पक्षकार द्वारा संबंधित विक्रेता को आशिंक बयाना राशि भी अदा कर बिकी अनुबंध पत्र निष्पादित कर अनुबंधित कर ली है तथा उपरोक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं। यदि उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध मे किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ, भार या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध मे किसी भी न्यायालय या फोरम मे कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि मे किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर मुझसे सम्पर्क कर लेवे अन्यथा बाद गुजरने मियाद सूचना, मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। तद्धश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति भान्य नही होगी, सूचित हो, पाबंदी करे। दिनांक 24/03/2026

**कविता बैरागी एडव्हीकेट**
**मंगलम परिसर व्यास कॉलोनी बड़नगर**
**मोबाईल नं.-9691003560**

अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही

# 500 लीटर से अधिक शराब जप्त, 1 लाख लीटर लहान नष्ट, तीन आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में ब्यावरा अनुभाग के पुलिस बल द्वारा सभी थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से कंजर बाहुल्य ग्राम कटारिया खेड़ी में दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुलिस ने 16 पेटी देशी प्लेन मदिरा, 6 पेटी मसाला मदिरा, 3 पेटी एमडी रम, 2 पेटी 8 पीएम, 2 पेटी मैजिक मोमेंट कुल करीब 261 लीटर अंग्रेजी एवं देशी मदिरा और करीब 240 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त की। इसके अतिरिक्त अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 1 लाख लीटर लहान कच्चा घोल मौके पर नष्ट किया तथा 4 अवैध शराब की भट्टियों को ध्वस्त किया। ग्राम कटारिया खेड़ी मेन रोड की दुकानों पर हरी मौ टि ग



लगाकर अवैध रूप से संचालित गुमटियों एवं ढांचों को हटाया गया, जिनका उपयोग अवैध शराब विक्रय के लिए किया जा रहा था। उक्त प्रकरण में पुलिस ने आरोपी जंगल सिंह पिता भेरु सिंह कंजर 35 वर्ष, मुकेश पिता अवतार सिंह कंजर 32 वर्ष और विजय पिता कंवरलाल कंजर 25 वर्ष, सर्व निवासी ग्राम कटारिया खेड़ी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 95/25, 96/25, 97/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र माली पिता विष्णु माली जाति माली निवासी हनुमान बाग दत्त अखाडा बडनगर रोड उज्जैन ने उनके दादा देवचन्द्रजी से उनके पिता विष्णुप्रसाद, रमेशचन्द्रजी माली, बाबुलालजी माली पुत्रगण देवचन्द एवं भूरीबाई पुत्री देवचन्द्र जाति माली निवासी हनुमान बाग दत्त अखाडा बडनगर हैक्टेयर सर्वे नंबर 2756 रकबा 0.021 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2757 रकबा 0.0730 हैक्टेयर सर्वे नंबर रोड उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की पैत्रक कृषि भूमि सर्वे नंबर 2755 रकबा 0.282 2768/1 रकबा 0.340 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2776/1 रकबा 0.2400 सर्वे नंबर 2776/2 रकबा 0.2090 सर्वे नंबर 2777/1 रकबा 0.0630 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2777/2 रकबा 0.0310 हैक्टेयर सर्वे नंबर हैक्टेयर कुल किता 11 कुल रकबा 1.3640 हैक्टेयर कस्बा उज्जैन हनुमान बाग दत्त अखाडा उज्जैन 2780 रकबा 0.0420 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2781 रकबा 0.0420 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2782 रकबा 0.0210 मे माली का सहदायिकी अशं है और उक्त भूमि का बटवारा नही हुआ है उक्त संपत्ति पैत्रक संपत्ति होकर संयुक्त परिवार की संपत्ति है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि पर अपने पिता से अपने हिस्से की मांग की थी किंतु उनके द्वारा मना करने पर मेरे पक्षकार ने एक वाद वास्ते घोषण्णा स्थायी निषेधाज्ञा एवं बटवारा किये जाने हेतु माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय मे प्रस्तुत किया जो आरसीएस ए नंबर 532/25 का विचाराधीन होकर उक्त वाद में वादी के पक्ष मे एवं प्रतिवादी अर्थात मेरे पक्षकार के पिता व काका व बुआ के विरूद्ध अस्थायी निषेधाज्ञा दिनांक 24-2-2026 को जारी की गई है और माननीय न्यायालय द्वारा यह आदेश पारित किया गया है कि मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 का स्वीकार किया जाकर मेरे पक्षकार के पक्ष मे एवं प्रतिवादीगणो के विरूद्ध इस आशय की निषेधाज्ञा जारी की गई है कि प्रतिवादीगण प्रकरण के निराकरण तक उपरोक्त कृषि भूमि का विकय, अंतरित, हस्तांतरित, ऋणग्रस्त व भारग्रस्त करने का प्रयास नही करे। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, सहकारी संस्था बैंक आदि उपरोक्त वर्णित कृषि के संबंध मे कोई सव्यवहार नही करे और यदि किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह माननीय न्यायालय के आदेश के पालन मे मेरे पक्षकार पर बंधनकाकर नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 22-3-2026

**ममता जोशी एडवोकेट**
**चेम्बर नंबर 12 नई कोर्ट परिसर कोठी पैलेस उज्जैन**
**मोबा. 89894-50826**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दयाराम जायसवाल पिता श्री उमरावसिंह जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल पति श्री दयाराम जायसवाल निवासीगण- 7 एम.आय.जी. सादिपनीनगर, उज्जैनसे उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक सी-48, स्थित क्लब एवेन्यू, ग्राम हामूखेडी, देवास रोड, तहसील व जिला उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 48.79 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक सी-7 व सी-8 के भाग, पश्चिम में- सडक कालोनी की, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक सी-47, दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक सी-49 है, उक्त विवरण एवं चर्तु:सीमा से दर्शित संपूर्ण भूखण्ड को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है एवं अनुबंध पत्र लेख का संपादन भी मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया गया है । यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।

दिनांकः-24.03.2026

**दिलीप चौहान, एडवोकेट**
**सीएफ-6, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-99266-42552**

## शहीद आरक्षक के परिवार को मिला 1 करोड़ का सहारा

**शुजालपुर।** कर्तव्य पथ पर शहीद हुए पुलिसकर्मी के परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए शाजापुर जिला पुलिस ने सराहनीय पहल की है। पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत स्वर्गीय प्रधान आरक्षक नरेंद्र परमार की पत्नी पवित्रा परमार को एक्सीडेंटल मृत्यु बीमा क्लेम के रूप में 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक नरेंद्र परमार का 22 अगस्त 2025 को शुजालपुर में ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। घटना के बाद भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूर्ण कर राशि स्वीकृत कराई गई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत की उपस्थिति में बैंक अधिकारियों ने चेक सौंपा। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक शरद शर्मा एवं सहायक प्रबंधक आशिक भारती भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत आरक्षक की कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता परिवार को कठिन समय में सहारा देगी। साथ ही बैंक की इस पहल की सराहना भी की गई।

## विद्यारंभ कार्यक्रम से नन्हें कदम बढ़े स्कूल की ओर

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित श्विद्यारंभ कार्यक्रम के तहत शुजालपुर के आंगनवाड़ी केंद्रों में नन्हें बच्चों के लिए विशेष आयोजन किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को सहज रूप से प्राथमिक शाला में प्रवेश के लिए तैयार करना तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करना है। शहर के वार्ड क्रमांक 20/1 एवं वार्ड 23 स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस दौरान बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए चित्र पहचान, रंग पहचान, प्रारंभिक गणना एवं लेखन अभ्यास जैसी शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में स्कूल रेडीनेस विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की गई। उन्हें बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के महत्व और नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालयों के सहयोग से शत.प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पदयात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**आगर मालवा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार कार्यालय मेरा युवा भारत, जिला आगर-मालवा द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी थीम अंतर्गत पदयात्रा, श्रमदान, पौधारोपण, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, रील प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कमला सागर पब्लिक स्कूल, नलखेड़ा में विद्यालय संचालक दिलीप तांतेड़ के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य चन्द्रशेखर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर युवाओं एवं स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर से पदयात्रा निकाली गई, जिसमें मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी, राष्ट्र निर्माण के लिए युवा तथा स्वतंत्रता का सम्मान करें, जिम्मेदारी से कार्य करें जैसे संदेशों के साथ नारे लगाते हुए देशभक्ति एवं जिम्मेदार नागरिकता का संदेश दिया गया। पदयात्रा में लगभग 250 युवा एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

## जिला दंडाधिकारी श्रीमती यादव द्वारा आदेश जारी

**आगर मालवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती प्रीति यादव द्वारा जिले में पशु चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा सूखी घास, भूसा एवं कड़बी (ज्वार एवं मक्का के डंठल) सहित सभी प्रकार के पशु चारे का जिले से बाहर निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही उद्योगों, फैक्ट्रियों एवं ईंट-भट्टों में पशु चारा एवं भूसे का ईंधन के रूप में उपयोग भी प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति भूसा एवं पशु चारे का क्रय-विक्रय निर्धारित उचित मूल्य से अधिक दर पर नहीं कर सकेगा। कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने की मंशा से अनावश्यक भंडारण करना भी प्रतिबंधित रहेगा। ईंधन उपयोग हेतु भूसे का भंडारण केवल लाइसेंसधारी उद्योगों द्वारा ही किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित लाइसेंसधारी की होगी। प्रतिबंध अवधि के दौरान ऐसे भूसे को जिले से बाहर ले जाना भी पूर्णतः वर्जित रहेगा।

## महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**आगर मालवा।** मंगलवार दिनांक 24 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आगर मालवा के मीटिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का विषय नगदी रहित उपचार योजना, राहवीर योजना एवं में प्रविष्टियां रहा, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इन व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान नगदी रहित उपचार योजना के अंतर्गत बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को चिन्हित अस्पतालों में तत्काल बिना किसी अग्रिम भुगतान के उपचार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे घायल को गोल्डन ऑवर में शीघ्र चिकित्सा सुविधा मिल सके। वहीं राहवीर योजना के अंतर्गत यह जानकारी दी गई कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान प्रदान किया जाता है।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा ने कहा- जिम्मेदार पत्रकारिता केवल खबरों की प्रस्तुतीकरण तक सीमित नहीं होनी चाहिए

**आगरमालवा।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा जिम्मेदार और लिंग-संवेदनशील रिपोर्टिंग पर नईदिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में गत दिनों 'मीडिया मंथन' के तहत जिम्मेदार और लिंग-संवेदनशील रिपोर्टिंग पर आयोजित हुए दो-दिवसीय राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में देशभर के प्रिंट और डिजिटल मीडिया के 20 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले पत्रकारों के साथ ही आगरमालवा से शामिल हुए जिले के पत्रकार महेश शर्मा ने भी महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर जिम्मेदार, नैतिक और लिंग-संवेदनशील रिपोर्टिंग पर विचार-विमर्श करते हुए अपनी बात रखी। श्री शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया राहटकर ने किया। इस अवसर पर सदस्य सचिव सुदीप जैन और अतिरिक्त सचिव श्रीमती राधिका चक्रवर्ती भी उपस्थित थीं। सत्र को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहटकर ने कहा है कि जिम्मेदार पत्रकारिता केवल खबरों की प्रस्तुतीकरण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जागरूकता बढ़ाने, गरिमा की रक्षा करने और जेंडर न्याय को प्रोत्साहित करने का माध्यम बननी चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, लिंग-संवेदनशील रिपोर्टिंग गरिमा, सत्य और न्याय के प्रति एक प्रतिबद्धता है, जहाँ महिलाओं की आवाज का सम्मान किया जाता है, न कि उसे सनसनीखेज बनाया जाता है। श्रीमती राहटकर ने आगे कहा कि जनमत को आकार देने और महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने में मीडिया की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जिम्मेदार पत्रकारिता को केवल खबरें देने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जागरूकता फैलाने, गरिमा की रक्षा करने और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम करना चाहिए।

प्रकाशन ट्रूकालर द्वारा ट्रूसायबर सखी और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा गरिमा के साथ रिपोर्टिंग जारी किए गये। इन दोनों प्रकाशनों को मीडिया पेशेवरों को नैतिक रिपोर्टिंग प्रथाओं और सुरक्षित डिजिटल जुड़ाव की दिशा में मार्गदर्शन देने के लिए तैयार किया गया है। 'मीडिया मंथन' सम्मेलन में आयोजित किये गये विभिन्न ज्ञानवर्धक विषयगत सत्र के तहत मीडिया कानून और नैतिक ढाँचे पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता और राष्ट्रीय महिला आयोग समिति की सदस्य डॉ. पिंकी आनंद ने सत्र में मीडिया रिपोर्टिंग में कानूनी सीमाओं और नैतिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। वही महिलाओं से संबंधित कानूनों पर राष्ट्रीय महिला आयोग के विधि अधिकारी मनमोहन वर्मा ने महिलाओं के लिए उपलब्ध कानूनी सुरक्षा उपायों और मीडिया कवरेज के प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वही भारतीय जनसंचार संस्थान की कुलपति डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर ने 'बदलता मीडिया, बदलती महिलाएं गरिमा, गहराई और विविधता के साथ चित्रण' शीर्षक के सत्र में मीडिया में विकसित हो रहे कथा-ढांचों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उधर प्रसार भारती की ब्रॉडकास्टर स्वाति गुप्ता के नेतृत्व में 'भाषा, फ्रेमिंग और रिपोर्टिंग की कार्यप्रणाली' सत्र में जनधारणा को आकार देने और जिम्मेदार कहानी कहने में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

# अंधेरे में डूबी छोरीया टाऊनशीप कॉलोनी

**शुजालपुर।** शहर के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित छोरिया टाऊनशीप यशवंत नगर कॉलोनी में हालात अब बद से बदतर होते जा रहे हैं। यहां न रोशनी है, न पानी की व्यवस्था और न ही सुरक्षा का कोई इंतजाम। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कॉलोनी के सैकड़ों लोग हर दिन असुविधा और डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी हैं। जैसे ही शाम ढलती है, पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। रहवासियों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है। महिलाएं और बुजुर्ग खास तौर पर खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब कॉलोनी में तैनात सुरक्षा गार्ड को बिना सूचना हटा लिया गया। रहवासियों का आरोप है कि इससे साफ जाहिर होता है कि कॉलोनी की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार पूरी तरह लापरवाह हैं।

जल संकट भी चरम पर है। पास के कुओं की साफ-सफाई नहीं होने से उनका उपयोग नहीं हो पा रहा। मजबूरन लोगों को रोजाना टैंकर से पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। रहवासी पहले ही अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस और स्थानीय प्रशासन को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं। अब कलेक्टर से गुहार लगाई गई है कि तुरंत हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराया जाए। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अगर समय रहते स्ट्रीट लाइट, पानी और सुरक्षा की व्यवस्था बहाल नहीं हुई, तो कोई बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर से भी कॉलोनी रहवासी मिले और छोरिया टाऊनशीप से संबंधित जानकारी दी, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने रहवासियों को आश्वासन दिया।

# बापचा हाईस्कूल का 9 वी कक्षा का परिणाम 65: रहा

**आगर मालवा।** वर्ष 2025-26 की स्थानीय परीक्षा हाईस्कूल बापचा बडोद का कक्षा 9 वी का परीक्षा परिणाम 65: रहा। इस अवसर पर बच्चे, अभिभावक तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है इस वर्ष कुल 105 विद्यार्थियों में से 68 उत्तीर्ण हुए जिसमें 39 प्रथम श्रेणी 28 द्वितीय श्रेणी तथा 1 तृतीय श्रेणी में रहे। शेष 37 छात्रों को जून में होने वाली द्वितीय परीक्षा में शामिल होने का अवसर है। इस अवसर पर प्राचार्य एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी बडोद के डा दशरथ मसानिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कक्षा 9 वी को लगातार पूरे वर्ष शैक्षणिक, क्रीड़ा तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को आधार देने वाले सुनील जोशी, कालूराम दांगी,तृप्ति श्रृंगी और दशरथ सिंह परिहार भी अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

## भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश में भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला आगर-मालवा में भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं ध्वस्त ढांचा खोज एवं बचाव विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति यादव तथा जिला सेनानी एवं नोडल अधिकारी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मधुबन गार्डन, आगर-मालवा में आयोजित इस प्रशिक्षण में एनजीओ, सीडीवी होमगार्ड एवं एसडीआरएफसहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएलआर, श्रीमती प्रीति चौहान की उपस्थिति में हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सेनानी विक्रम सिंह ने की। विशेष अतिथि के रूप में एनडीआरएफ 11वीं बटालियन के कंपनी कमांडर नीलेश दिवानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

## जागरूकता रैली कार्यक्रम आयोजित

**आगर मालवा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 24 मार्च 2026 को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा कलेक्टर कार्यालय में टीबी मरीजों को फूड बास्केट (पोषण आहार) वितरित किए गए। वहीं सिविल अस्पताल नलखेड़ा में जन-जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती यादव ने प्रदेश स्तर पर प्रारंभ होने वाले 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि टीबी के लक्षण वाले शत-प्रतिशत संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें डॉट्स पद्धति से उपचार में शामिल किया जाए तथा उपचार की पूरी अवधि तक शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अभियान को जन-आंदोलन के रूप में संचालित करते हुए इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने एवं निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का आह्वान किया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती सीता बाई पति श्री भेरूलाल जी जाति-गारी निवासी उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-95/2 रकबा 0.400 हेक्टयर स्थित ग्राम निम्बोदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-163 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति् इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इत्ति दिनांक-24.03.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मोन 9993079516, 94250 94349**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री भैयालाल पिता श्री देवीसिंह, 2-श्री रूगनाथ पिता श्री देवीसिंह, दोनो निवासी ग्राम नानूखेडा तहसील तराना जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-258/1 (एस) रकबा 0.6200 हेक्टर एवं 258/2 (एस) रकबा 0.6100 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.2300 हेक्टर ग्राम नानूखेडा, प. ह. नं.-00133 तहसील तराना जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋ़ण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-24.03.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259 46659**

## न्यायालय कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी उज्जैन

प्रकरण क्रमांक - 0010/अपील/2026-28

**हरिराम पिता उमिया उमरिया.....अपीलार्थी**

**विरुद्ध**

**मांगीलाल पिता नान्या व अन्य..... अनावेदकगण**

### // जाहिर सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर जिला उज्जैन में अपीलार्थी की ओर से अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के द्वारा पारित आदेश दिनांक 02 06.2007 के आधार पर नामांतरण पंजी क्र-13 में किये गये संशोधन से असंतुष्ट होकर अपील अंतर्गत धारा 44(1) म.प्र. भू-राजस्व सहिता का प्रस्तुत किया है. जिसमें अनावेदक क्रमांक-

2- मुकेश पिता नान्याजी

निवासी रेल्वे स्टेशन के पीछे, नाले के पास, नागदा, जिला उज्जैन

3- देवीलाल पिता नान्याजी, निवासी-मेन बाजार बस स्टेण्ड के पास, नागदा जिला उज्जैन के नाम से सूचना-पत्र जारी किये गये है. जो इस न्यायालय को अदम तामिली प्राप्त हुए। अतः इस जाहिर सूचना के आधार पर उक्त अनावेदक क्रमांक 2 व 3 को संसूचित किया जाता है कि वे न्यायालयीन प्रकरण में नियत तिथि 06/04/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे न्यायालय कलेक्टर, जिला उज्जैन सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन, कोठी पैलेस पर उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन स्वयं अथवा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। नियत पेशी पर अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय निर्णय लिया जायेगा। उज्जैन

**(रौशन कुमार सिंह)**
**कलेक्टर**
**जिला उज्जैन**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M. P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./2997/22/D-12/MPRRDA/2026 Bhopal, Dated : 24.03.2026

### NOTICE INVITING TENDER EL-94

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/ Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/ CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.** Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | Balaghat | 1 | 536758.00 |
| 2 | Ratlam | 1 | 1198826.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from 25.03.2026 from 17:30 hrs. and **last date for online bid submission is 15.04.2026 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/125041/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

### NOTICE INVITING TENDER No. 373/MTN/2026

**No./2994/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 24.03.2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1: Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 24767684.00 |
| 2 | Barwani | 1 | 4264678.00 |
| 3 | Betul | 1 | 7862951.00 |
| 4 | Bhind | 1 | 2087237.00 |
| 5 | Bhopal | 1 | 4494813.00 |
| 6 | Chhatarpur | 1 | 11924546.00 |
| 7 | Chhindwara | 1 | 2190386.00 |
| 8 | Dhar | 1 | 13707437.00 |
| 9 | Dindori | 1 | 29641652.00 |
| 10 | Guna | 1 | 29334383.00 |
| 11 | Gwalior | 1 | 31635136.00 |
| 12 | Indore | 4 | 46388898.00 |
| 13 | Panna | 2 | 28710265.00 |
| 14 | Rajgarh | 1 | 38643119.00 |
| 15 | Ratlam | 1 | 26711048.00 |
| 16 | Sagar | 1 | 23229965.00 |
| 17 | Sehore | 1 | 38905316.00 |
| 18 | Shajapur | 1 | 20834194.00 |
| 19 | Umaria | 2 | 28349505.00 |
| 20 | Vidisha | 2 | 23426664.00 |

- **Table-2 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 3 | 24963475.00 |
| 2 | Alirajpur | 3 | 27519435.00 |
| 3 | Balaghat | 1 | 23113253.00 |
| 4 | Bhind | 2 | 18030532.00 |
| 5 | Burhanpur | 1 | 1041502.00 |
| 6 | Chhatarpur | 1 | 16186499.00 |
| 7 | Chhindwara | 1 | 33431079.00 |
| 8 | Damoh | 1 | 5493574.00 |
| 9 | Datia | 2 | 18843426.00 |
| 10 | Dewas | 3 | 28429443.00 |
| 11 | Dhar | 6 | 78698178.00 |
| 12 | Dindori | 1 | 55223834.00 |
| 13 | Harda | 1 | 16874977.00 |
| 14 | Indore | 2 | 14632087.00 |
| 15 | Jabalpur | 1 | 6583975.00 |
| 16 | Jhabua | 2 | 15657184.00 |
| 17 | Khandwa | 2 | 19230307.00 |
| 18 | Khargone | 5 | 75334243.00 |
| 19 | Mandsaur | 1 | 11214744.00 |
| 20 | Neemuch | 5 | 84932133.00 |
| 21 | Raisen | 3 | 37425604.00 |
| 22 | Sagar | 2 | 17899229.00 |
| 23 | Sehore | 5 | 62357404.00 |
| 24 | Shajapur | 2 | 16189005.00 |
| 25 | Shivpuri | 1 | 11523400.00 |
| 26 | Sidhi | 1 | 5699386.00 |
| 27 | Vidisha | 3 | 12370855.00 |

- **Table-3 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 5375489.00 |
| 2 | Alirajpur | 4 | 79622537.00 |
| 3 | Balaghat | 1 | 11427305.00 |
| 4 | Barwani | 2 | 25419098.00 |
| 5 | Betul | 4 | 94874665.00 |
| 6 | Bhind | 2 | 24818399.00 |
| 7 | Bhopal | 2 | 10749797.00 |
| 8 | Dewas | 2 | 18771114.00 |
| 9 | Dhar | 3 | 59363650.00 |
| 10 | Dindori | 1 | 19376150.00 |
| 11 | Guna | 1 | 22256513.00 |
| 12 | Jhabua | 2 | 49540359.00 |
| 13 | Khandwa | 2 | 16997630.00 |
| 14 | Khargone | 1 | 4936330.00 |
| 15 | Mandsaur | 2 | 55814419.00 |
| 16 | Narmadapuram | 1 | 3202156.00 |
| 17 | Neemuch | 2 | 34984056.00 |
| 18 | Pandhurna | 1 | 7047644.00 |
| 19 | Rajgarh | 2 | 59525936.00 |
| 20 | Sagar | 2 | 24705603.00 |
| 21 | Satna | 1 | 69738359.00 |
| 22 | Sehore | 7 | 97444217.00 |
| 23 | Shajapur | 2 | 30611393.00 |
| 24 | Shivpuri | 1 | 8639902.00 |
| 25 | Singrauli | 1 | 48580046.00 |
| 26 | Umaria | 1 | 9226180.00 |
| 27 | Vidisha | 1 | 7429620.00 |

- **Table-4 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year-MD)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 2 | 53195710.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **01.04.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **21.04.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyma/125040/2026

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## न्यूज-कॉलम

### 26 मार्च से 5 अप्रैल के बीच सिर्फ 4 अप्रैल को होगी मंडी में नीलामी

**मन्दसौर।** कृषि उपज मंडी समिति मंदसौर द्वारा आगामी त्योहारों और अवकाशों के मद्देनजर सूचना जारी की गई है। मंडी प्रशासन के अनुसार, 26 मार्च से लेकर 5 अप्रैल के बीच विभिन्न कारणों से नीलामी कार्य कई दिनों तक स्थगित रहेगा। इस दौरान 26 मार्च को दुर्गाष्टमी, 27 मार्च को रामनवमी, 28 मार्च को बैंकों के अवकाश और 29 मार्च को रविवार के कारण मंडी बंद रहेगी। इसके पश्चात 30 मार्च को व्यापारियों की वार्षिक लेखाबंदी, 31 मार्च को महावीर जयंती और 1 अप्रैल को बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी के चलते भी नीलामी प्रक्रिया नहीं होगी। इसी क्रम में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव, 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 5 अप्रैल को रविवार होने की वजह से मंडी प्रांगण में किसी भी प्रकार का नीलामी कार्य नहीं किया जाएगा। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बीच केवल 4 अप्रैल, शनिवार को मंडी प्रांगण में नीलामी का कार्य सुचारू रूप से चालू रहेगा।

### ढाई लाख परिवारों को मिल रहा मुफ्त राशन

**मन्दसौर।** केंद्र सरकार की च्प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाज् मंदसौर जिले के कुल 2 लाख 53 हजार 67 पात्र परिवारों को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत जिले में संचालित 537 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से कुल 10 लाख 18 हजार 830 लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। प्राथमिक श्रेणी के कार्डधारकों को प्रति सदस्य 4 किलो गेहूं और 1 किलो चावल मुफ्त दिया जा रहा है, वहीं अंत्योदय परिवारों को प्रति परिवार 35 किलो खाद्यान्न (30 किलो गेहूं व 5 किलो चावल) निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कृषि विकास विभाग ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** 23 मार्च सोमवार को सांसद आदर्श ग्राम बालागुड़ा बस स्टेशन गांधी चौराहा पर आत्मा योजना अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग आत्मा विभाग उद्यानिकी विभाग पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान तेजपाल सिंह शक्तावत पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं योजना समिति के सदस्य मंदसौर कृषि विभाग के सभापति मानसिंह शक्तावत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ एवं कमलेश पाटीदार बालागुड़ा जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 2 जनपद पंचायत मल्हारगढ़ रमेश पाटीदार किसान मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि शिवजी पाटीदार गली वाले दुग्ध संघ के प्रतिनिधि संभाग उज्जैन भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाटीदार बालागुड़ा भाजपा के वरिष्ठ नेता नानालाल मामा गांव के समस्त किसान बंदू उपस्थित रहे सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषि संबंधित योजना के बारे में बताया गया।

### 15 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को दिये प्रशंसा पत्र

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा अभिनव पहल करते हुए जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करने की परंपरा प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार द्वारा गत सप्ताह उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### पेट्रोल पंप पर लगी कतारें

**रतलाम।** कुछ पेट्रोल पंपों पर सप्लाई बंद होने के कारण पेट्रोल पंप बंद करने पड़े। अफवाह उड़ी कि पेट्रोल पंप बंद हो रहे हैं और रेट भी बढ़ेंगे। इससे चालू पेट्रोल पंपों पर मंगलवार दोपहर भीड़ उमड़ गई। लोग पेट्रोल-डीजल भराने के लिए लाइन में घंटों खड़े रहे।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

## रॉयल कॉलेज का ऐतिहासिक कीर्तिमान

# 10 विद्यार्थियों ने वि.वि. की प्रावीण्य सूची में दर्ज कराया नाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणामों की प्रावीण्य सूची में रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज, रतलाम के विद्यार्थियों ने एक बार फिर संस्थान का नाम रौशन किया है।विश्वविद्यालय द्वारा जारी सत्र 2025 की मेरिट सूची में संस्थान के कुल विद्यार्थियों ने टॉप-15 में अपनी जगह बनाई है। संस्थान की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रबंधन ने बताया कि एमबीए, बीबीए और बीसीए जैसे प्रमुख पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों ने कड़े परिश्रम से विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए हैं।




**एम.बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर**

कु. प्रांजल गौतमी पिता कैलाश चंद्र गौतमी, विश्वविद्यालय मे 8वां स्थान (76.81 प्रतिशत), कु. चंचल पाटीदार पिता हिम्मत पाटीदारझ विश्वविद्यालय में 12वां स्थान (75.71 प्रतिशत), कु. मोना पाटीदार पिता सुरेशचंद्र पाटीदार, विश्वविद्यालय में 14वां स्थान (75.33 प्रतिशत)। बी.सी.ए. तृतीय वर्ष

- कु. खुशी पंवार पिता अजय पंवार - विश्वविद्यालय में ६ठा स्थान (8.55 अंक), कु. प्राची सुथार पिता मुकेश सुथार, विश्वविद्यालय में 13वां स्थान (8.38 अंक)।

**बी.बी.ए. तृतीय वर्ष**

कु. लितिका चेलानी पिता अशोक चेलानी, विश्वविद्यालय में 5वां स्थान (8.45 अंक), कु. नंदिनी नकवाल पिता सोनू नकवाल, विश्वविद्यालय में ६ठा स्थान (8.42 अंक), कु. राशी खरे पिता कपिल खरे, विश्वविद्यालय में 8वां स्थान (8.38 अंक), कु. कशिश दिया पिता दिलीप दिया, विश्वविद्यालय में 9वां स्थान (8.37 अंक), कु. नबीहा खान पिता रियाज खानझ विश्वविद्यालय में 12वां स्थान (8.32 अंक)

विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रमोद गुगालिया ने सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन उनकी मेहनत और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। रॉयल कॉलेज सदैव अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था के निदेशक एवं समस्त स्टाफ ने भी मेरिट में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## वर्ल्ड टीबी डे, संक्रमण के विरूद्ध जनसंकल्प का दिन करवाया अवगत



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

सिविल हॉस्पिटल के न्यू मैटरनिटी विंग में वर्ल्ड टीबी डे मंगल वार को वर्कशॉप आयोजित की गई, ।

प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि कार्यशाला को संबोधित करते हुए डा शंकरलाल खराड़ी सीबीएमओ ने कहा कि आज संक्रमण के विरूद्ध जनसंकल्प का दिन है। हो हो डब्लयू एच ओ के अनुसार हर साल 3500 लोगो की मृत्यु टीबी के कारण होती है। विश्व स्तर पर टीबी के मामलों में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले हमारे देश की है।

अभी हमारी चुनौती समाप्त नहीं हुई है ।टीबी के विस्तार के प्रमुख कारणों में कुपोषण, धूम्रपान,गरीबी, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, भीड़भाड़ वाली जगह आदि है । हम 2030 तक सामूहिक प्रयासों से टीबी रोग समाप्ति की दिशा में अग्रसर है।,सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने कहा कि टीबी के उपचार में व्यापक बदलाव हुआ है ।मुफ्त जांच,उपचार, पोषण सहायता, डिजिटल निगरानी, को बढ़ावा दिया जा रहा है ।टीबी मुक्त पंचायते जन भागीदारी को मजबूत कर रही है। हर साल 24 मार्च की वर्ल्ड टीबी डे इसलिए मनाया जाता है कि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके।

टीबी सुपरवाइजर ज्ञानेश पाटीदार ने टीबी के लक्षण, उपचार, दवाईयो की जानकारी देते हुए बताया कि 2025-26 में 672 पेशेंट का रजिस्ट्रेशन किया गया, उनमें से 452 का कोर्स पूरा हुआ,। तथा 220 की दवाईयां चालू है।

## भारत विकास परिषद में अध्यक्ष शेखर नाहर एवं गोपाल सेठिया सचिव बने

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

भारत विकास परिषद के नवीन पदाधिकारीयो का निर्वाचन चुनाव अधिकारी नरेंद्र त्रिवेदी एवं मंदसौर शाखा सचिव दिलीप सेठिया के मार्गदर्शन में हुआ।

परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर सचिव गोपाल सेठिया एवं कोषाध्यक्ष निलेश जोशी चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का संस्था द्वारा सम्मान किया गया। प्रांतीय संस्कार प्रमुख नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में शाखा जावरा ने सेवा संस्कार एवं समर्पण भाव से धार्मिक सामाजिक एवं सनातन संस्कृति के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करते हुए मध्य भारत प्रांत में विशेष पहचान बनाई । निवर्तमान अध्यक्ष पप्पू सिंह राठौर एवं टीम के कार्यों को सहराते हुए नए पदाधिकारीयो को संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आवाहन किया । संस्था संरक्षक मनोज अग्रवाल ने




कहा नेत्रदान, रक्तदान, भारत को जानो, एवं समूह गान आदि गतिविधियों के माध्यम से संस्था ने उच्च स्थान प्राप्त किया है। अध्यक्ष राठौर ने कहा की संस्था सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं समाज सेवा के कार्यों के लिए निरंतर कार्यरत है । इस मौके पर ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी, परामर्शदाता संतोष मेडतवाल ,अरविंद पाटीदार ,दिनेश भावसार ,यश जैन, प्रदीप शर्मा ,दीपक साधु , मनीष जाजोदिया आदि उपस्थित थे ।आभार दीपक गर्ग ने व्यक्त किया।

## नपा की बजट बैठक 30 मार्च को

**मन्दसौर।** नगर पालिका परिषद की बजट बैठक आगामी 30 मार्च, सोमवार को आयोजित होने जा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन ने बताया कि यह बैठक प्रातः 11.30 बजे नगर पालिका के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न होगी व राजस्व सभापति कौशल्या बंधवार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित आय-व्यय का विवरण (बजट) परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया जाएगा।

## नीमच में कलेक्टर ने जन सुनवाई मे 74 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 4 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में बालागंज मनासा के सुनिल, अरनिया मामागिर के मदनलाल, नयागांव के सत्तु धाकड़, नीमच की जयश्री, दमोदपुरा की जानीबाई, सरोदा की मांगीबाई, भगवानपुरा के गोपाल, धनेरियाकलां की निर्मला, बरखेडा हाडा के किशोरदास, बोरदियाकला के कचरूलाल, बघाना के मुन्नालाल, बामनिया के शिवनारायण पाटीदारने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट वितरित

**नीमच।** हम सब मिलकर देश एवं प्रदेश तथा नीमच जिले को टी.बी.मुक्त बनाने का संकल्प ले। टी.बी.का उपचार संभव है। समय पर पूरा उपचार लेने से मरीज टीबी से मुक्त हो सकते है। पोलियों मुक्त अभियान के अच्छे परिणाम आज हमारे सामने है। आम जनों को टीबी के प्रति जागरूक करें। यह बात विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने 24 मार्च विश्व क्षय नियंत्रण दिवस पर जिला चिकित्सालय में आयोजित टी.बी.मुक्त भारत के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। इस मौके पर श्री मोहन सिह राणावत, हेमंत हरित, दारासिह, नीलेश पाटीदार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण



**मन्दसौर।** नगर के नयापुरा रोड़ स्थित रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में आगामी 30 व 31 मार्च को सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें आने वालों वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने कालाखेत खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने स्वास्थ्य अधिकारी हेमन्त शर्मा और समयपाल पंकज साकी को निर्देश दिए कि महोत्सव से पूर्व खेल मैदान की मुस्तैदी से सफाई कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहाँ भी चूना लाइनिंग की आवश्यकता है, वह जैन समाज की मंशा के अनुरूप की जाए और यदि समतलीकरण की जरूरत हो तो तत्काल जेसीबी लगाकर कार्य पूर्ण किया जाए ताकि पार्किंग व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। सजैस अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने बताया कि 30 मार्च को रात्रि 8 बजे माहेश्वरी भवन में अतिथियों का सम्मान होगा, वहीं 31 मार्च को प्रातः 8.30 बजे तार बंगला दिगम्बर जैन मंदिर से विशाल चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ माहेश्वरी भवन पहुँचेगा, जहाँ सामूहिक स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा। निरीक्षण के इस दौरान नपा सभापति निलेश जैन, रमेश ग्वाला, पार्षद गरिमा भाटी सहित जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस जन सुनवाई शिकायत शिविर आयोजित

**नीमच।** पुलिस विभाग की जिला स्तरीय शिकायत निवारण एवं पीएम हेल्पलाइन निवारण शिविर का आयोजन किया गया द्य जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 39 शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण सहित जन सुनवाई में आयें लगभग 45 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम.हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में 24 मार्च को पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई की गई।

## मल्हारगढ़ में किसान कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

# ऊँट को जीरा खिलाकर सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के आह्वान पर मल्हारगढ़ ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गाडगिल चौराहे पर अनोखा एवं जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने ऊँट को जीरा खिलाकर प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया।



प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं की खरीदी पर दिया जा रहा बोनस ऊँट के मुंह में जीरा के समान है, जो किसानों के साथ अन्याय है। इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया गया।

प्रदर्शन के पश्चात किसान एवं कांग्रेसजन रैली के रूप में गाडगिल चौराहे से एसडीएम कार्यालय पहुंचे। रैली में ऊँट को भी साथ ले जाया गया, जो पूरे कार्यक्रम का आकर्षण रहा। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम स्वाति तिवारी को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत पाटीदार ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि सहकारी समितियों में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए, ताकि किसान गेहूं विक्रय के बाद बिना ब्याज ऋण जमा कर सकें। उन्होंने सोयाबीन ऑयल के टैक्स-फ्री आयात पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि इससे देश के किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने, गेहूं का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपये प्रति क्विंटल करने तथा वर्ष 2019 की बाढ़ से वंचित किसानों को राहत प्रदान करने की भी मांग की। प्रदेश सचिव मल्हारगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी रहे परशुराम सिसोदिया ने संबोधन में कहा कि आज प्रदेश का किसान चारों तरफ से घिरा हुआ है–प्राकृतिक आपदाएं उसकी फसलें उजाड़ रही हैं और सरकार की नीतियां उसकी उम्मीदें तोड़ रही हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कड़े शब्दों में कहा कि मल्हारगढ़ सहित अंचल में बेमौसम बारिश और भारी ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। कांग्रेस पार्टी लगातार नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग कर रही है।



### जिले की मंडियों में किसान सेवा सप्ताह की शुरूआत,कृषकों का होगा अभिनंदन

**मन्दसौर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा मंदसौर जिले की समस्त कृषि उपज मंडियों में च्किसान सेवा सप्ताहज् अभियान का शुभारंभ किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया व संभाग प्रभारी नानालाल अटोलिया के मार्गदर्शन में यह अभियान 23 से 29 मार्च तक चलाया जा रहा है। किसान मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपतसिंह आंजना और जिला महामंत्री योगेन्द्रसिंह चुण्डावत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस सप्ताह के तहत उन्नत किसानों का सम्मान, जल सेवा और स्वास्थ्य शिविर जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार, 25 मार्च को मंदसौर कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारी किसानों के बीच पहुँचकर केंद्र व राज्य सरकार की कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं।

### जिले की 205 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



**मन्दसौर।** विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के उपलक्ष्य में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कलेक्टर अदिती गर्ग, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया और नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की उपस्थिति में जिले की 205 ग्राम पंचायतों को आधिकारिक रूप से टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संबंधित पंचायतों के सरपंचों, सचिवों और स्वास्थ्य कार्यकताओं को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने इस सफलता का श्रेय टीम वर्क और जमीनी स्तर पर हुई निगरानी को दिया। विधायक श्री जैन ने जानकारी दी कि मंदसौर जिला टीबी उन्मूलन में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर रहा है, जो पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने डोर-टू-डोर सर्वे की भूमिका को सराहा। कार्यक्रम में टीबी मुक्ति संकल्प पत्र का विमोचन हुआ और अंत में टीबी मुक्त भारत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर गाँव-गाँव में जागरूकता फैलाने हेतु रवाना किया।

### रोटरी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जुटेंगे 11 क्लबों के पदाधिकारी

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर के आतिथ्य में रोटरी मंडल 3040 का दो दिवसीय प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर आगामी 28 व 29 मार्च को मंदसौर आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम के इवेंट चेयरमैन सीए दिनेश जैन एवं क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट 3040 के आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में रीजन-2 के 11 विभिन्न क्लबों के 85 से अधिक निर्वाचित पदाधिकारियों ने सहभागिता की पुष्टि की है। सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोठी एवं सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि शिविर में वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्षों और सचिवों को रोटरी की वैश्विक योजनाओं, क्लब मैनेजमेंट और सेवा प्रकल्पों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा इस सत्र को वर्चुअली संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। शिविर के दौरान एक विशेष अनुदान सत्र भी रखा गया है। सांस्कृतिक कड़ी के रूप में 28 मार्च की संध्या को भव्य संगीत निशा का आयोजन भी किया जाएगा।



### बढ़ती महंगाई व गैस किल्लत के विरुद्ध युवा कांग्रेस ने सड़क पर बनाई चाय



**मन्दसौर।** रसोई गैस की बेतहाशा बढ़ती कीमतों और सिलेंडरों की भारी किल्लत के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने मंगलवार को गांधी चौराहे पर तीखा विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए अनोखा तरीका अपनाया; उन्होंने बीच सड़क पर लकड़ी का चूल्हा जलाया और उस पर चाय बनाकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। दुर्गेश पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना के नाम पर ठगी की गई है, आज सिलेंडर आम आदमी की पहुँच से बाहर होकर शो-पीस बन गए हैं। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि गैस के दाम तत्काल कम नहीं किए गए और वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो युवा कांग्रेस गांव-गांव जाकर इस आंदोलन को और उग्र करेगी। इस दौरान कांग्रेस के मनोहर नाहटा, अम्बालाल हिंगोरिया, जावेद पटेल, पायल जैन, मुस्तकिम कुरेशी, जीतू पाटीदार, विनोद पटेल, सुनील बसेर, राखी सत्रावाला, सुनीता बंडी, देवेन्द्र अटोलिया, मनीष मेहर, सुनील राठौर, राकेश पाटीदार आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। संचालन नेहा जैन ने किया एवं आभार सम्यक जैन ने माना।

### शहिद दिवस पर कुमठ का किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।**शहीद दिवस पर नारायणगढ़ के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व,श्री चन्दनमल कुमठ के सुपुत्र श्री अजित कुमठ का कांग्रेसनेता परशुराम सिसोदिया, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव,रामचन्द्र करुण,सचिव नागेश्वर चौहान,दिलीप यादव,गोपाल भारती,डॉ, शौकीन सोलंकी आदि ने पुष्पमाला पहनाकर कुमठ का सम्मान कर स्व,चन्दमल जी कुमठ को याद किया।



## कांग्रेस पदाधिकारियों ने किसानों एवं आम नागरिकों के हितों को लेकर सौपा ज्ञापन

**ब्यावरा।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय राजगढ़ में भगवान सिंह बागड़ी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ किसानों एवं आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सोसाइटियों द्वारा ऋण राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने, सोयाबीन ऑयल के टैक्स फ्री आयात को रुकवाने, किसानों की गेहूं की फसल को लागत के हिसाब से 4000 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदने, बिजली विभाग द्वारा किसानों पर की जा रही मनमानी को रुकवाने, गैस सिलेंडर की उपलब्धता को सुनिश्चित करवाने के लिए राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ एवं तहसीलदार राजगढ़ को सौंपा।

## नेमा महिला मंडल ने मनाया गणगौर उत्सव



**शुजालपुर।** नेमा समाज की मातृशक्तियों द्वारा श्री राम जानकी धाम में पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ गणगौर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजनों की स्वर लहरियों के बीच ईसर गणगौर का विधि विधान से पूजन कर सुख समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। उत्सव के दौरान महिलाओं ने अपने पतियों के नाम पर पारंपरिक दोहे भी प्रस्तुत किए, जिससे माहौल भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गया। इस अवसर पर सभी महिलाएं दुल्हन की तरह सजी धजी नजर आईं, जिससे आयोजन की शोभा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में समाज की वरिष्ठ महिलाओं के साथ ही नवविवाहित बहुओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सामूहिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे उपस्थित सभी ने सराहा। अंत में फलाहार एवं प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में नेमा समाज परिषद का विशेष सहयोग रहा।

## बैरागी सह मीडिया प्रभारी मनोनीत

**इंगोरिया।** वैष्णव बैरागी समाज मध्यप्रदेश के उज्जैन जिला सह मीडिया प्रभारी के पद पर इंगोरिया के नागेश्वर दास पिता नारायण दास बैरागी को मनोनीत किया गया है । नागेश्वर दास बैरागी की नियुक्ति युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक दास बैरागी उज्जैन की सहमति से युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष यदुनंदन वैष्णव द्वारा की गई है। इस नियुक्ति पर नागेश्वर मित्र मंडल ने युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष यदुनंदन वैष्णव का आभार व्यक्त किया है और नागेश्वरदास बैरागी को बधाई दी है।

### जलकुंभी ने छीनी नदी की रंगत, प्रशासन की चुप्पी से गहराएगा जल संकट

# कंठाल नदी की सांसों पर जलकुंभी का पहरा, हरी चादर में कैद जीवनदायिनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



कुछ समय पूर्व नवीन बस स्टेंड के पास स्थिति तालाब के बाद अब टेरर ऑफ बंगाल कही जाने वाली जलकुंभी की चपेट में नगर की जीवनदायनी कंठाल नदी चपेट में है।अब यह जलकुभी सुसनेर एवं सोयतकलां की प्यास बुझाने वाला कीटखेंडी डेम की और बढ़ रही जिससे आगामी ग्रीष्मकाल में दोनो नगर को गंभीर पेयजल संकट झेलना पड सकता है। नदी के बड़े हिस्से में फैली इस खरपतवार के कारण पानी का प्रवाह थम गया है और जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यदि समय रहते इसकी सफाई नहीं की गई, तो आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल का भारी संकट खड़ा हो सकता है।

### प्रदूषण और बीमारियों का खतरा

जलकुंभी के तेजी से फैलने के कारण नदी का पानी काला और दुर्गंधयुक्त होने लगा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह पौधा पानी से ऑक्सीजन सोख लेता है, जिससे मछलियां और अन्य जलीय जीव मरने लगते हैं। इसके अलावा, स्थिर पानी मच्छरों के लिए आदर्श प्रजनन स्थल बन गया है, जिससे क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है।

### सिंचाई और पशुपालन पर असर

नदी किनारे बसे किसान सिंचाई के लिए इसी नदी पर निर्भर हैं। जलकुंभी के कारण पंपों के पाइपों में कचरा फंस रहा है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं, पशुपालकों के लिए भी अपने मवेशियों को पानी पिलाना चुनौतीपूर्ण हो गया है क्योंकि प्रदूषित पानी पीने से पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

### प्रशासनिक उदासीनता से रोष

स्थानीय नागरिकों ने कई बार नगर परिषद को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों की मांग है कि मशीनों के माध्यम से नदी की व्यापक सफाई कराई जाए ताकि पानी का प्रवाह सुचारू हो सके और जलकुंभी को किनारे पर छोड़ने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जाए, अन्यथा यह दोबारा फैल सकती है।

**इनका कहना**

कंठाल नदी में फैली जलकुंभी को हटाने के लिए शीघ्र ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। मशीनों और श्रमिकों की मदद से सफाई कार्य कर पानी के प्रवाह को सुचारू किया जाएगा। साथ ही, दोबारा जलकुंभी न फैले इसके लिए स्थायी योजना पर भी काम किया जा रहा है।

**ओपी नागर**
**नगर परिषद सुसनेर**

### थम गई पानी की रफ्तार, सड़ने लगा जल

कंठाल नदी के दूर तक के जलक्षेत्र में जलकुंभी ने इस कदर जाल बिछाया है कि नदी का पानी दिखाई देना ही बंद हो गया है। जलकुंभी के कारण पानी में सूर्य का प्रकाश और ऑक्सीजन नहीं पहुंच पा रही है, जिससे पानी अब सड़ने लगा है। जलकुंभी एक आक्रामक खरपतवार है जो तेजी से पानी को सुखा देती है और जलीय जैव विविधता को नष्ट कर देती है।

## स्वर्णकार समाज ने फूलपाती चल समारोह निकाला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद

नगर में स्वर्णकार समाज द्वारा गुड़ीपड़वा एंव नवसंवत्सर वर्ष पर भव्य फुलपाती बेण्डबाजे के साथ निकले। रविवार शाम को 5 बजे रामोला मंदिर से स्वर्णकार समाज के महिला मण्डल द्वारा चुनरी एंव पुरूषवर्ग सफेद पोशाक के साथ सजधज हर्ष उल्लास से निकले। सर्वप्रथम रामोला मंदिर पर भगवान श्रीराम की आरती एंव फुलपाती के प्रतीक ईश्वर व गोराजी का पुजन किया गया। आकर्षक का केन्द्र दुल्हे दुलहन व कृष्ण राधा की वेषभुषा में बच्चे सजधज कर मनमोह लिया। गणगौर पर्व समाज का चल समारोह गणेश देवली, अनंतनारायण चौराहा, जवाहर मार्ग, चबुतरा चौराहा, सुभाषमार्ग, कबाड़ीपुरा होते हुवे सुनहरीया बाग पहुँचा।

चल समारोह का स्वागत समाजसेवी पुरूषोत्तम सोनी, पंकज पिता माणकलाल सोनी तथा कांग्रेस मण्डल व नपाध्यक्ष गोविंद भरावा एंवपार्षद गण के साथ चबुतरा चैराहे पर भाजपा मण्डल की अखिलेश शर्मा, जय जायसवाल, हरिराम कांकर आदि द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सुनहरीया बाग पहुँचकर महिला मण्डल का गणगौर माता के गीतों का गायन पुजन के साथ नरसिंह भगवान की भव्य आरती समाजजन द्वारा उतारी गई। तत्पश्चात समाज की बैठक आयोजीत की गई। समाज के वरिष्ठ वृद्वजन एवं मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। स्वर्णकार समाज में सर्व सहमति से समाज अध्यक्ष निर्मल सोनी एंव महिला अध्यक्ष श्रीमति कला दिनेश सोनी का चयन किया गया। समाजजन द्वारा दोना अध्यक्षो को दुपटटा व पुष्प से स्वागत किया गया। समाज द्वारा सामूहिक सहभोज किया गया। इस अवसरपर समस्त समाजजन उपस्थित रहे।

## खरसौदकलां सहित क्षेत्र में विधायक ने 45 लाख के विकास कार्यों किया भूमिपूजन

**खरसौदकलां।** समीपस्थ ग्राम पंचायत मुंगावदा में तीस लाख की लागत राशि से विकास कामकाज के लिए विधायक ने शनिवार को आधारशिला रखी। साथ में खरसौदकलां कृपाल बस्ती से मुक्तिधाम तक 15 लाख रुपए विधायक की स्वीकृत राशि से सीसी निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी किया। विधायक जितेंद्रसिह पंड्या ने खरसौदकलां में ग्रामजन की मौजूदगी में 15 लाख की राशि से सीसी रोड के अलावा समीप ग्राम पंचायत मुंगावदा में भी 30 लाख के विकास कार्य की आधारशिला रखी। जिसमें ग्राम पंचायत मुंगावदा मे 13 लाख एस एफ सी के अलावा गांव करडवास में दस लाख एस एफ सी एवं 4 लाख विधायक निधि प्रदान की।



## अनुष्ठान कर वैवाहिक लग्न पत्रिका का शुभारंभ किया

**इंगोरिया।** मांगलिक कार्यों में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की स्वयंभू प्रतिमा इंगोरिया में विराजित हैं। गणेश धाम की ख्याति दूर दूर तक है। अब यहां विवाह लग्न लिखने का शुभारंभ चैत्र नवरात्रि में सोमवार से शुरू हुआ है । बड़नगर से पधारे वेदपाठी विद्वान पंडित शास्त्री हेमंत सदाशिव शुक्ल ने मंत्रोच्चार से श्री गणेश का अभिषेक किया। वर वधु के लग्न का अंकुरा गणेश जी को अर्पित कर विवाह की लग पत्रिका बनाई। पंडित दीपक गुरु, महेश शर्मा, महंत गोपालदास मंदिर के पुजारी के सानिध्य में विधिवत विवाह लग्न लिख कर यजमानों को दिए गए। इस अवसर पर विक्रम सिंह दाईजी, सत्यनारायण प्रजापत और ग्राम के नागरिक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पहले वैवाहिक मांगलिक कार्यों के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना के साथ लोगों को चिंतामन गणपति उज्जैन जाना पड़ता था। आज ग्राम घट गारा जिला धार के वर शरद शर्मा और उज्जैन के राजू जी के कन्या पक्ष का परिणय सूत्र का वैवाहिक कार्यक्रम का अंकुरा श्रद्धा भाव से इंगोरिया के गणेश जी को समर्पित किया । चित्र गणेशजी को लग्न का अंकुरा अर्पित करते श्रद्धालु।

### बदनावर में कवि सम्मेलन, शहीदों को किया याद

## देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता पर कविताओं से युवाओं को प्रेरित किया




बदनावर। बदनावर में नगर परिषद द्वारा आयोजित विख्यात बैजनाथ महादेव फूल डोल मेले के अवसर पर सोमवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से शहीदों के बलिदान को याद किया और युवाओं को देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता तथा नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित किया। यह आयोजन मध्यरात्रि तक चला, जिसमें कवियों को खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ महेंद्र सिंह पिपलीपाड़ा, मनोज ऊंटवाल, मनीष गुर्जर, राजेंद्र सराफ, अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मंच पर मौजूद थे।

# मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 61वें जन्मदिन पर विशेष









सख्त प्रशासन, अपराध पर जीरो टॉलरेंस, सुशासन और प्रगति के साथ-साथ सेवा संवेदना, सहयोग त्याग, जनकल्याण, समाज निर्माण और राष्ट्र निष्ठा की भावनाओं को आत्मसात कर मध्य प्रदेश को देश का सबसे विकसित और संवेदनशील राज्य बनाने को समर्पित युग द्दष्टा डॉ. मोहन यादव का आज 61वां जन्मदिन है। जिम्मेदारी निभाने, मिलजुल कर कार्य करने और सामाजिक सौहार्द की मिसाल प्रदेश के मुखिया अपने प्रत्येक उद्बोधन में समाज को नई दिशा देने के लिए भी जाने जाते हैं, उनका हर शब्द एक संदेश के रूप में देखा जाता है, दया प्रेम संवेदना करुणा और मानवतावादी द्दष्टिकोण के साथ उन्होंने अपना 60वां जन्मदिन अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम उज्जैन के 1100 प्लस आश्रम वासियों के बीच मनाया था और कहा था की सेवाधाम आश्रम में संवेदना है, सहयोग है, समर्पण है, सेवा है, त्याग है, मनोभावना है। हम सब ऐसे स्थान से निश्चित रूप से जुड़े, सेवा धाम आश्रम बाबा महाकाल का जीता जागता मंदिर है ऐसे स्थान पर सब चीजों को जुटाना और लंबे समय तक जुटाना बहुत कठिन होता है डॉ. यादव के शब्दों में जन्मदिन तो उसी दिन मन जाता है जब जन्म होता है, अब तो हर दिन हमको एक समय पूरा करने के लिए समय की गिनती करना है प्रत्येक सांस से हमारे लिए जन्मदिन होता है और प्रत्येक सांस से हमारे लिए समय खत्म होता है, सेवाधाम में अपना 60 वाँ जन्मदिन मनाते उन्होंने कहा था कि यह यज्ञ स्थल है यहां अपने समय की, धन की, मन के भाव की, लगातार अनवरत यह जो आहुति इसमें डालती है यह वाकई अद्भुत है। उन्होंने कहा था कि विपरीत परिस्थितियों में सेवा कार्य करना अत्यंत कठिन है जो लंबे समय से यहां किया जा रहा है यह आश्रम कठिनाइयों के निदान का स्थान है और परमात्मा की कृपा से इसका नाम ही बहुत सुंदर है। मैं यहां लगातार आता रहा हूं विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में, पर्यटन विकास के अध्यक्ष के रूप में और आज भगवान महाकालेश्वर की कृपा से मुख्यमंत्री के रूप में यहां आया हूं।

डॉ. मोहन यादव का जन्म स्थल उज्जैन और कर्मभूमि मध्य प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि आज ऐसे व्यक्तित्व का अवतरण दिवस है, जिसने संवेदना के साथ एक नए राष्ट्र के निर्माण का इतिहास लिखने का और उसे साकार करने का बीड़ा उठाया है।

> सेवाधाम आश्रम बाबा महकाल का जीता जागता मंदिर है, यहां संवेदना, सहयोग, समर्पण, प्रेम सेवा, त्याग और मनोभावना है, यह करूणाधाम और यज्ञ स्थल है इसका सेवा कार्य अद्भुत है।
>
> **- डॉ. मोहन यादव**
> **मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश**

**■ सुधीर भाई गोयल**
**संस्थापक अंकित ग्राम**
**सेवाधाम आश्रम उज्जैन**










श्री नारायण जी यादव दादा
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश कुश्ती महासंघ, अध्यक्ष : यादव महासभा
जीवेत शरदः शतम्
श्री अभय यादव
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय
डॉ. मोहन यादव जी को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
जन्मोत्सव कार्यक्रम
कालिदास अकादमी, कोठी रोड, उज्जैन
समय : सायं 4 बजे से
दीपक जायसवाल
प्रवेन्द्र यादव
जमना यादव
बधाईकर्ता : दीपक जायसवाल एवं जमना यादव मित्र मंडली, उज्जैन

## न्यूज कॉलम

### ठेला हटाने पहुंची निगम टीम से विवाद के बाद गाड़ी के नीचे लेटा दुकानदार

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में नगर निगम की कार्रवाई के दौरान एक दुकानदार द्वारा हंगामा और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना सोमवार की है, जब नगर निगम की टीम गौरीनगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इसी दौरान कार्रवाई से नाराज दुकानदार भोला चौरसिया ट्रक के नीचे जाकर लेट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने भी निगम अमले से विवाद किया। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, निगम के सुपरवाइजर रिदम शुक्ला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि निगम को सूचना मिली थी कि गौरीनगर में बिजली डीपी के पास भोला चौरसिया अवैध रूप से ठेला और गुमटी लगाकर व्यापार कर रहा है। कार्रवाई के दौरान निगम टीम ने ठेला हटाकर ट्रक में रखा, तभी आरोपी ट्रक के नीचे लेट गया। उसे बाहर निकालने पर उसने विवाद शुरू कर दिया और अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इस दौरान निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आग से फैक्ट्री और स्क्रैप गोदाम में मची अफरा-तफरी, दमकल ने पाया काबू



**इंदौर।** इंदौर में सोमवार देर रात दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाओं से हड़कंप मच गया। पहली घटना देवगुराडिया के पास बिचोली हप्सी स्थित एक पशु आहार फैक्ट्री में हुई, जबकि दूसरी आग लसूड़िया इलाके में एक स्क्रैप गोदाम में लगी। फायर ब्रिगेड के अनुसार, बिचोली हप्सी में अग्रवाल एंड कंपनी की फैक्ट्री में रात करीब साढ़े 11 बजे आग भड़क उठी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में लगभग 47 हजार लीटर पानी का उपयोग किया गया। फैक्ट्री में रखे बारदान और केमिकल के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। फैक्ट्री संचालक का नाम विनीत अग्रवाल बताया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। वहीं, दूसरी घटना लसूड़िया इलाके में एसआर कंपाउंड के पास स्थित एक स्क्रैप गोदाम में हुई। देर रात करीब सवा 12 बजे राहगीरों ने गोदाम से धुआं उठता देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची और करीब 25 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। दोनों ही घटनाओं में राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### जल है तो कल है : एसवीआईएमएस में विश्व जल दिवस पर विशेष कार्यक्रम



**इंदौर।** जल ही जीवन है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जल के महत्व, उसके संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूक करने हेतु विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील चतुर्वेदी, प्रसिद्ध हाइड्रोजियोलॉजिस्ट एवं जल विशेषज्ञ, विभावरी, इंदौर ने अपने संबोधन में जल संकट की वास्तविक स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भू-जल स्तर में लगातार गिरावट, जल का प्रदूषण और जल स्त्रोतों का क्षरण आज गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने वर्षा जल संचयन को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समय रहते जल संरक्षण के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में जल संकट और भी भयावह रूप ले सकता है।

इंदौर में बिल्डर व कारोबारी को लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम धमकी देने के मामले में क्राइम ब्रांच को मिली बड़ी सफलता

# बदमाश मनीष जांगिड़ अशोक नगर की जेल से गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



बिल्डर को धमकी देने के मामले में जेल से शूटर गिरफ्तार। वह अशोक नगर की जेल में बंद था, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करने के सबूत भी मिले। इंदौर में तीन दिन पहले बिल्डर व कारोबारी संजय जैन को लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम धमकी देने के मामले में क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने बदमाश मनीष जांगिड़ को अशोक नगर (गुना) की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी को इंदौर लाया जा रहा है। सोमवार को क्राइम ब्रांच की 14 सदस्यीय टीम गुना पहुंची थी। मनीष जांगिड़ यहां एक आपराधिक केस में जेल में बंद है। उसे अब संजय जैन को धमकाने के केस में गिरफ्तार किया गया है।

बदमाश मनीष जांगिड़ ने अशोकनगर के व्यापारी अंकित अग्रवाल और एक अन्य व्यक्ति को वॉइस नोट के जरिए धमकी दी थी। इनसे 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। मनीष जांगिड़ के अशोकनगर आने और यहां दहशत फैलाने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह जेल में बंद है।

### बिल्डर जैन को भी वॉइस मैसेज भेजकर दी थी धमकी

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, गुरुवार को संजय को धमकी भरा कॉल आया, जिसे उन्होंने तुरंत डिस्कनेक्ट कर दिया। इसके बाद उनके मोबाइल पर वॉइस मैसेज आया, जिसमें मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का साथी और हेरी बॉक्सर बताया और 15 करोड़ रुपए की मांग की।

**अशोक नगर के व्यापारी से मांगे थे दस करोड़, इसी आरोप में पकड़ाया-** पुलिस के मुताबिक मनीष जांगिड़ ने अशोकनगर के व्यापारी अंकित अग्रवाल और एक अन्य व्यक्ति को वॉइस नोट के जरिए धमकी दी थी और इसने 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया था, जिसके बाद आरोपी मनीष जांगिड़ अशोकनगर आया था और यहां दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था। अशोकनगर पुलिस के अनुसार, मनीष जांगिड़ अशोकनगर में पेट्रोल बम से दहशत फैलाना चाहता था।

### लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर से लेनदेन के सबूत भी मिले

- इंदौर के तुकोगंज इलाके में बिल्डर संजय जैन को धमकी देने वाले बदमाश का कनेक्शन मनीष जांगिड़ से मिला है। पुलिस का कहना है कि मनीष का लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सरगना हैरी बॉक्सर से कनेक्शन है। मनीष और हैरी के बीच लेनदेन के रिकॉर्ड भी मिले हैं। इतना ही नहीं जब मनीष को अशोक नगर पुलिस ने पकड़ा था तब उसने कहा था कि लॉरेंस गैंग ने उसे इंदौर का भी एक काम सौंपा है।
- क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मनीष जांगिड़ से इंदौर लाकर पूछताछ की जाएगी। संजय जैन को धमकी देने वाले आरोपी से मनीष के कनेक्शन मिले हैं। इसके चलते माना जा रहा है कि मनीष बिल्डर संजय को ही टारगेट करने वाला था।
- दंडोतिया ने आगे बताया कि आरोपी को मंगलवार शाम तक इंदौर लाएंगे। इसके बाद पूछताछ में आगे की जानकारी मिलेगी। पूछताछ पूरी होने के बाद मनीष जांगिड़ को वापस अशोकनगर जेल भेजा जाएगा।
- अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा और गैंग से जुड़े अन्य लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

# गंदगी देख नाराज हुए इंदौर निगम कमिश्नर

### लापरवाही पर कर्मचारियों की सैलरी काटने और नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

स्वच्छता में नंबर वन इंदौर में पब्लिक पैलेस और सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी देख नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने ऑन-द-स्पॉट एक्शन लेते हुए कर्मचारियों की सैलरी काटने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट कर दिया है कि ऑफिस की जगह मैदान में उतरकर मॉनिटरिंग करें।

शहर में सफाई व्यवस्था की मौजूदा स्थिति देखने के लिए निगम कमिश्नर मैदान में उतर गए। पैदल ही वार्डों में घूमे और सफाई व्यवस्था को परखा, मगर संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने जोन 9,11 और 18 में बने सीटीपीटी को देखा, साफ-सफाई, रखरखाव के साथ ही जरूरी व्यवस्था देखी। मगर उम्मीदों के अनुसार सफाई नहीं मिली।



**कर्मचारियों की सैलरी काटो, लापरवाही बर्दाश्त नहीं-** गंदगी देख निगम कमिश्नर नाराज हो गए। उन्होंने संबंधित जोन के तीनों सीटीपीटी सुपरवाइजरों की एक-एक दिन की सैलरी काटने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक शौचालयों में स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**दो दिन की सैलरी काटने और नोटिस देने को कहा-** यहां से वे जोन क्रमांक 5 में आने वाले विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे। एमआर-9 रोड स्थित आईआईटी चौराहे के पास सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर उन्होंने लापरवाही बरतने वाले क्षेत्रीय दरोगा रूपेश तंबोली का दो दिन का वेतन काटने के लिए कहा। साथ ही संबंधित सीएसआई और सहायक सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए बोला। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित मॉनिटरिंग करें और सभी सार्वजनिक जगहों पर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

# सूरत पुलिस की कड़ी सुरक्षा में इंदौर फैमिली कोर्ट में नारायण साई की पेशी

### 50 हजार रुपए प्रति माह भरण-पोषण देने के मामले में रि-ओपन की अपील

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम के बेटे नारायण सांई को सोमवार को इंदौर फैमिली कोर्ट में पेश किया गया। उनकी पत्नी जानकी द्वारा दायर भरण-पोषण और तलाक प्रकरण में करीब एक घंटे से अधिक समय तक सुनवाई चली।

जानकी ने फैमिली कोर्ट में तलाक और 50 हजार रुपए मासिक भरण-पोषण की मांग को लेकर मामला दायर किया है। इसी प्रकरण में सुनवाई के लिए गुजरात पुलिस नारायण सांई को कड़ी सुरक्षा के बीच सूरत से इंदौर लेकर पहुंची। कोर्ट परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पेशी के दौरान पुलिस नारायण सांई को तेजी से कोर्ट रूम के भीतर ले गई। सुनवाई समाप्त होते ही नारायण को फिर कड़ी सुरक्षा में बाहर निकाला गया और गुजरात पुलिस अपने साथ ले गई।

फैमिली कोर्ट परिसर के बाहर बड़ी संख्या में आसाराम के अनुयायी भी मौजूद रहे। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति नहीं




बनी। मामले में पत्नी जानकी की अपील पर 2018 में नारायण को आदेश दिया था कि वह अपनी पत्नी जानकी हरपलानी को हर माह पचास हजार रुपए भरण-पोषण खर्च दें, लेकिन सांई ने राशि नहीं दी। हालांकि 2013 से नारायण सूरत जेल में है। ऐसे में यह राशि ब्याज सहित 55 लाख रुपए से ज्यादा हो गई है। मामले में मई 2025 में नारायण के एडवोकेट ने इस केस को रिओपन करने की अपील की थी। तब उनके एडवोकेट का कहना था कि जब कोर्ट ने यह आदेश दिया था तो 2013 से जेल में है। इसमें कोर्ट की ओर से उसका पक्ष नहीं जाना गया है। इस मामले में कोर्ट संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर चुकी है।

### 4 साल पहले केस लगाया था

नारायण और जानकी की शादी 1995 में हुई थी। मूलतः भोपाल निवासी जानकी ने नारायण सांई के खिलाफ करीब 4 साल पहले तलाक का केस लगाया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में नारायण को नोटिस देकर तलब किया था लेकिन वह पेश नहीं हुआ था। नारायण सांई अभी दुष्कर्म के एक मामले में सूरत जेल में बंद है। दोपहर को उसे पुलिस सुरक्षा में इंदौर फैमिली कोर्ट लाया गया था। इस दौरान आसाराम के कुछ अनुयायी भी वहां मौजूद थे।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**स्थान परिवर्तन**
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

**पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है**
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**वीर हनुमान ज्योतिष दरबार**
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com